- lack of water facilities for drinking and irrigation,
- Lack of good crop prices

Participant Representation

Angul, Balangir, Baleswar, Bhubaneswar, Cuttack, Deograh, Dhenkanal, Gajapati, Ganjan, Jagatsinghpur, Jaipur, Kandhamal,

Meghalaya

Highlights

- Lack of good road connectivity,
- Effect of climate change on crops,
- Poor Healthcare,
- Poor Infrastructure

Participant Representation

East Garo Hills, East Jaintia Hills, East Khasi Hills, Eastern west Khasi Hills, Ri Bhoi, West Garo Hills, West Jaintia Hills, South Khasi

Tamil Nadu

Highlights

- Farmer-animal conflict,
- corruption,
- Lack of crop insurance for farmers,
- Degradation of water resources (lakes, rivers, dams)

Participant Representation

Coimbatore, Dharmapuri Dindigul, Erode, Namakkal, Nilgiris, Salem, Thirunelveli, Tiruppur

कृषि क्षेत्र की बढ़ती मुश्किलें

अद्रिजा चौधुरी, सॉक्रेटस

ग्रामीण भारत पर कोई भी चर्चा कृषि पर बातचीत के बिना पूरी नहीं हो सकती। देश भर में ग्रामीणों के साथ हमारी बैठकों में प्रतिभागियों में से लगभग 60 फीसदी किसान थे। पिछले दो दशकों से ग्रामीण समुदायों को परेशान करने वाले कृषि संकट की वास्तविकता प्रतिभागियों की चिंताओं, आशाओं और सपनों में स्पष्ट रूप से दिख रही थी। हालांकि, उनके द्वारा उठाए गए अधिकांश मुद्दे नए नहीं थे, फिर भी यह किसानों की धारणाओं और प्राथमिकताओं को समझने के लिए काफी हैं।

किसानों ने बताया कि केवल कृषि आय से गुजारा करना लगभग असंभव होता जा रहा है। फसलों की कीमतें लागत के अनुपात में कम हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक युवा किसान ने हमें बताया, "उर्वरक और कीटनाशक सहित हर चीज महंगी होती जा रही है, हम हर तरफ से दबाव में हैं।" उत्तर भारत की "गन्ना बेल्ट" का हिस्सा कहे जाने वाले मुजफ्फरनगर में प्रतिभागियों ने गन्ने का राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) न बढ़ने और चीनी मिलों से भुगतान में देरी को एक बड़ी समस्या के रूप में उठाया। यहां के किसानों ने कीटनाशकों, उर्वरकों, बीज और मजदूरी की लागत सहित कृषि इनपुट की बढ़ती लागत की भी शिकायत की। इस अपेक्षाकृत समृद्ध कृषि क्षेत्र में भी किसानों को खेती जारी रखने के लिए कर्ज लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

ओडिशा के किसानों का मानना था कि फसल की कीमतें लाभकारी नहीं हैं। केंद्रपाड़ा जिले के एक किसान ने कहा, "किसानों को मिलने वाली कम कीमत का मुख्य कारण गोदामों और कोल्ड स्टोरेज जैसी भंडारण सुविधाओं की कमी है।" अधिकांश किसानों को अपनी उपज सीधे अपने खेतों-खलिहानों पर ही स्थानीय व्यापारियों और बिचौलियों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। राजस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि कैसे फसल की कीमतें बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे कृषि इनपुट की बढ़ती लागत के साथ तालमेल बिठाने में वे असमर्थ हैं। शिलांग में भी हमने यही कहानी सुनी- खराब सड़क संपर्क, भंडारण सुविधाओं की कमी और देरी से भुगतान। कोयंबटूर के किसानों ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बहुत कम है और इसे किसानों को खुद तय करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि तमिलनाडु में आमतौर पर उगाई जाने वाली फसलों, जैसे चाय, कॉफी, सब्जियां और मसालों का भी एमएसपी तय किया जाना चाहिए।



हमारे कई सम्मेलनों में प्रतिभागियों की धारणा थी कि अकेले एमएसपी और अच्छी कीमतें कृषि की घटती व्यवहार्यता के मुद्दे का समाधान नहीं कर सकतीं। कई जगह किसानों ने कहा कि सरकारें पीएम-किसान जैसी योजनाओं के तहत सहायता बढ़ाकर उनकी आय सुरक्षित करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि किसानों का मुनाफा बढ़ाने के लिए कृषि में मूल्यवर्धित उत्पादों और स्थानीय उद्योगों को सरकारों द्वारा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। किसानों ने महसूस किया कि इस जिम्मेदारी को उठाने के लिए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और सहकारी समितियों की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए।

है। हर जगह इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। चाहे गेहूं या धान हो, आम या गन्ना हो या फिर टमाटर हो, हर फसल पर जलवायु परिवर्तन का असर है और लोग असहाय दिख रहे हैं। मानव और पशु का संघर्ष देश के अलग-अलग हिस्से में अलग रूप में सामने आया। उत्तर प्रदेश में आवारा पशुओं की समस्या गंभीर नजर आई जिनकी वजह से किसान खेतों में ही सोने के लिए मजबूर हैं। ओडिशा और राजस्थान में भी पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। कोयंबटूर के आसपास हाथी जैसे जानवरों का अक्सर किसानों से सामना होता है।

एक प्रतिभागी के अनुसार, *"केमिकल का अत्यधिक प्रयोग गांव में सबसे ज्यादा बर्बादी का कारण है। केमिकल बहुत ज्यादा है, चाहे वह जमीन में हो, जानवरों में हो, इंसानों में हो, हर जगह केमिकल ही केमिकल है।"*

हम लोग पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहर मुजफ्फरनगर में थे। पंजाब के साथ यह क्षेत्र भी भारत में हरित क्रांति के केंद्र में रहा है। लेकिन यहां भी किसान स्वयं उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल का मुद्दा सामने लेकर आए। इससे पता चलता है कि इनका प्रयोग कितना असंतुलित तरीके से हो रहा है। किसानों का कहना था-

"नकली पेस्टिसाइड आ गई है कोई चेकिंग नहीं है।"

"डीलर ट्रेड में लाला लोग बैठे हैं जिनको एग्रीकल्चर का एबीसीडी भी नहीं पता। वे हमें दवाइयां दे रहे हैं।"

अत्यधिक रसायनों के इस्तेमाल को लेकर आलोचना हर जगह दिखाई दी। आश्चर्यजनक रूप से प्राकृतिक खेती का नैरेटिव लोकप्रिय दिखा। लोगों का कहना था कि रसायनों से मिट्टी की उर्वरता कम हो गई है, पानी प्रदूषित हो गया है, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता गिर गई है, फसलों में गंभीर बीमारियां लगने लगी हैं और खर्च भी बढ़ गया है। किसान प्राकृतिक और नियमित खेती के नैरेटिव में फस गए हैं। हर साल होने वाले और कई बार अप्रत्याशित रूप से कीटों के हमले पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। खेती को सस्टेनेबल और खाद्य पदार्थों को सेहतमंद बनाने का विचार लगभग हर जगह दिखा, खासकर राजस्थान और ओडिशा में। मुजफ्फरनगर और कोयंबटूर में किसान ज्यादा प्राकृतिक की ओर जाना चाहते हैं, लेकिन वे पसोपेश में हैं कि यह सफल होगा या नहीं। अनेक लोगों के लिए यह जोखिम बहुत बड़ा है। कुल मिलाकर समाधान के लिए जो सुझाव आए उनमें नकली कीटनाशकों पर रोक, डीलरों का नियमन, किसानों को कृत्रिम इनपुट के संतुलित इस्तेमाल की जानकारी देना, ऑर्गेनिक खेती अपनाना और प्राकृतिक सॉयल सप्लीमेंट को अपनाना शामिल हैं। मेघालय के पश्चिमी खासी हिल्स के एक किसान का कहना था कि किसान होने के नाते उन्हें प्रकृति का ध्यान रखने की जरूरत है, और बदले में प्रकृति उनका ख्याल रखेगी।

आकांक्षाओं और वास्तविकता में अंतर से मजदूरों



यह बात हर जगह सामने आई कि कृषि संबंधी सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता की कमी जरूरतमंदों तक इनकी पहुंच में बाधक है। राजस्थान के प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि सरकारी योजनाओं के बारे में सभी सरकारी कार्यालयों के बाहर जानकारी प्रदर्शित की जानी चाहिए। मेघालय के किसानों ने महसूस किया कि उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में बेहतर जानकारी होनी चाहिए। ओडिशा के प्रतिभागी मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में देरी या कमी से निराश थे। उनका मानना था कि सरकारी नीतियों के बारे में सही जानकारी प्रसारित करने के लिए प्रत्येक गांव में जागरूकता समूह बनाए जाने चाहिए। तमिलनाडु में प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में विधायकों, नीति निर्माताओं और किसान संघों की मासिक बैठक होनी चाहिए।

एक और मुद्दा लगातार सामने आया वह था रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक इस्तेमाल। इस बारे में किसानों के बीच जागरूकता का स्तर भी काफी अधिक था। राजस्थान के एक किसान ने बताया, "केमिकल का अत्यधिक इस्तेमाल गांव की बर्बादी का सबसे बड़ा कारण है।" यूपी के किसानों ने बताया कि कैसे केमिकल के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता और लोगों की सेहत प्रभावित हुई है। ओडिशा के किसानों ने कहा कि हानिकारक रसायन सभी जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहे हैं। राजस्थान में यह चिंता जताई गई कि कैसे केमिकल के ज्यादा उपयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर और अन्य बीमारियां हो रही हैं। इस अहसास से किसानों में प्राकृतिक खेती और टिकाऊ कृषि के महत्व की समझ पैदा हुई है। अधिकांश किसानों का मानना था कि यह आगे बढ़ने का सही रास्ता। किसानों ने सरकारों से अपने गांवों में मासिक जागरूकता बैठकें आयोजित करने, प्रमाणन योजनाओं को सरल बनाने और रियायती कीमतों पर जैविक इनपुट की आपूर्ति करने का आह्वान किया।

किसानों ने मानव-पशु संघर्ष की चिंता को भी प्राथमिकता दी। यूपी में आवारा पशुओं के आतंक के कारण किसान कई तरह की फसल बोने से भी डरते हैं। यह मुद्दा मुजफ्फरनगर में हमारे प्रतिभागियों के बीच सबसे अधिक गूंजा। किसानों ने इसके लिए कई समाधान सुझाए। इनमें हर गांव में पशु आश्रय स्थल बनाने के लिए सरकारी धन का उपयोग करने से लेकर किसानों को बूढ़े मवेशियों की देखभाल के लिए मासिक भुगतान, पशु व्यापार को वैध बनाना शामिल हैं। ओडिशा, तमिलनाडु और मेघालय में आसपास के जंगलों से जंगली जानवर खेतों में घुस जाते हैं। तमिलनाडु में कोयंबटूर जिले के एक किसान ने बताया, "पश्चिमी घाट से सटे इलाके में तेनकासी से सत्यमंगलम वन प्रभाग तक हिरणों, सूअरों और मोरों के उपद्रव के कारण बाजरा की फसलें नहीं उगाई जा सकती हैं।" नीलगिरि के एक किसान अपने क्षेत्र में हुए नुकसान का एक फोटो एलबम भी लेकर आए थे। इससे एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकला- बढ़ते मानव-पशु संघर्ष को मवेशी और पशु संरक्षण पर सरकारी नीतियों के साथ-साथ शहरीकरण के कारण वन क्षेत्रों के विस्तार पर दबाव से जोड़ा जा सकता है।

सिंचाई के लिए पानी हर जगह चिंता का एक विषय था, विशेष रूप से ओडिशा और राजस्थान में जो विपरीत कृषि-पारिस्थितिकी क्षेत्र हैं। ओडिशा में बढ़ती अनियमित वर्षा का प्रभाव खराब सिंचाई सुविधाओं के कारण अधिक महसूस किया गया। राजस्थान में भूजल के घटते स्तर ने खेती के लिए अच्छी सिंचाई सुविधाओं को जरूरी बना दिया है। मेघालय में किसानों को सर्दियों के मौसम में पानी की कमी झेलनी पड़ती है।

की कमी, बेरोजगारी और ड्रग्स की समस्या

जैसा एक प्रतिभागी का कहना था, *"अगर बिहार के मजदूर न आएं तो आप खेती नहीं कर सकते। हमने खुद खेती करनी छोड़ दी है।"* चाहे मुजफ्फरनगर हो या कोयंबटूर हर जगह किसानों की शिकायत है कि खेतों में काम करने के लिए मजदूर तलाशना बड़ा संघर्ष हो गया है। मजदूरी काफी बढ़ गई है। गांव के युवा भले ही खाली बैठे हों लेकिन वे खेतों में नहीं जाएंगे। इसलिए खेत मालिक अनेक मौकों पर प्रवासी मजदूरों पर ही निर्भर होते हैं।

"नरेगा को खेती में जोड़कर न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित की जाए। हमारे राजनीतिक तंत्र की सबसे बड़ी समस्या है मुफ्त में चीजें देना।" मजदूरों की समस्या से परेशान बागपत के एक किसान का कहना था कि कृषि मजदूरी को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत शामिल किया जाना चाहिए। इस तरह इस स्कीम से मजदूरी का एक हिस्सा भुगतान हो जाएगा। विभिन्न क्षेत्र के भू-

भुवनेश्वर में आयोजित ग्रामीण भारत का एजेंडा कार्यक्रम में शामिल हुए प्रतिभागी।

स्वामी किसानों की राय थी कि तथाकथित मुफ्त वितरण बंद होना चाहिए। यह लोगों के काम करने की प्रवृत्ति को प्रभावित करता है।

एक किसान के अनुसार, *"किसान से आजकल कोई शादी नहीं करता। बच्चे एसी में बैठना पसंद करते हैं।"*

भारत में कृषि का भविष्य दुविधापूर्ण लगता है तो इसका कारण सिर्फ आर्थिक या पर्यावरण संबंधी चुनौतियां नहीं, बल्कि इससे गंभीर सामाजिक चुनौती भी जुड़ी हुई है। युवा खेती करना नहीं चाहते। खेती करने वालों को दुल्हन नहीं मिलती। समाज खेती को चुका हुआ मानने लगा है। उसे लगता है कि खेती में भविष्य अनिश्चित है, इसमें कोई कमाई नहीं। फसल खराब होने पर किसान के कर्ज में डूबने की आशंका बहुत अधिक है।

इसका परिणाम यह है कि परिवार की मदद से युवा उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं। हालांकि गिने-चुने सरकारी पदों को छोड़ दें तो गांवों में अच्छी नौकरी कहीं नहीं है। खेती से इतर मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज या लघु उद्योगों में रोजगार के अवसर भी बहुत कम हैं। इसके कई कारण हैं- ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित क्वालिटी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा का अभाव तथा ग्रामीण उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए कर्ज और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी। नतीजा- आकांक्षाओं और क्षमताओं से लबरेज युवक-युवतियां बेरोजगार हैं।

"गांव नशा मुक्त होना चाहिए, यह सब की प्राथमिकता है। नशा नहीं होना चाहिए और इसके

ग्रामीण भारत को बुनियादी ढांचे और सेवाओं का इंतजार



जोनाथन डोनाल्ड सिम्लिह, सॉक्रेटस

पांच क्षेत्रीय सम्मेलनों में हुई व्यापक चर्चा और उनसे मिली अंतर्दृष्टि ने सामूहिक रूप से ग्रामीण भारत के लिए एजेंडा तैयार करने की नींव रखी। इसमें ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता प्रमुखता से उजागर हुई। यह अनिवार्यता स्वास्थ्य और शिक्षा, परिवहन और ऊर्जा पहुंच सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी की चुनौतियों से संबंधित निष्कर्ष निम्नलिखित हैं।

ग्रामीण रोड नेटवर्क: सम्मेलन में इस मुद्दे पर कराए गए मतदान के दौरान एक चौथाई से अधिक प्रतिभागियों ने मेघालय के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क, फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट और जल निकासी व्यवस्था में सुधार के महत्व पर जोर दिया। मेघालय और उत्तर प्रदेश दोनों जगहों पर मतदान के परिणाम में सर्वसम्मति से खेतों और कृषि मंडियों को परिवहन सुविधाओं से जोड़ने की व्यवस्था करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों का बुनियादी ढांचा बढ़ाने की साझा मांग पर प्रकाश डाला गया।

स्वास्थ्य अवसंरचना: ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति का लाखों ग्रामीणों के जीवन और आजीविका पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उत्तर प्रदेश और मेघालय दोनों जगहों पर प्रतिभागियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित बुनियादी स्वास्थ्य ढांचे की अपर्याप्तता और उनके ठीक से काम नहीं करने पर भी चिंता जताई। उत्तर प्रदेश, ओडिशा और मेघालय में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने कहा कि वे अपना नेता चुनते समय देखेंगे कि अच्छी सुविधाओं से सुसज्जित, सस्ती और आसानी से सुलभ स्वास्थ्य सुविधाओं को पूरा करने के वादे उन्होंने पूरे किए हैं या नहीं।

शिक्षा अवसंरचना: ग्रामीण भारत में बुनियादी शैक्षिक ढांचे की स्थिति सीधे तौर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच और विस्तार देश के सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रभावित करती है। मुजफ्फरनगर के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्रामीण युवाओं को पर्याप्त कौशल और तकनीकी शिक्षा नहीं मिलती है। ओडिशा, राजस्थान, मेघालय और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बिगड़ रही है।

मेघालय में पूर्वी खासी हिल्स के एक प्रतिभागी ने कहा कि प्राथमिक से माध्यमिक विद्यालय तक बीच में ही पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की दर अधिक है। इसके अलावा, कृषि से संबंधित व्यावहारिक कौशल प्रदान करने पर अपर्याप्त ध्यान दिया गया है। ओडिशा में मौजूद लोगों के चुनावी वादे मुख्य रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों की शिक्षा को बढ़ावा देने पर केंद्रित थे। मेघालय में ज्यादातर प्रतिभागियों ने शिक्षा के बुनियादी ढांचे से संबंधित चुनावी वादों और कॉलेज स्तर तक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा में एकरूपता प्रदान करने की अपनी प्राथमिकता जताई।

ऊर्जा अवसंरचना: मेघालय, तमिलनाडु और ओडिशा के ग्रामीण निवासियों ने बताया कि बिजली कटौती और लोड शेडिंग का उनके दैनिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने 24 घंटे लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपाय लागू करने पर बल दिया। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के एक किसान ने बिजली की बढ़ती दरों को चिंता का कारण बताया।

ओडिशा में प्रतिभागियों ने कहा कि वे ऐसे नेताओं को वोट देंगे जो जीवाश्म ईंधन पर उनकी निर्भरता को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, विशेष रूप से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा बुनियादी ढांचे का संतुलित, समावेशी और सतत विकास प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

निष्कर्ष: स्थानीय समुदायों, किसानों, शिक्षकों, कारीगरों और अन्य लोगों द्वारा साझा की गई अंतर्दृष्टि ने ग्रामीण भारत के बुनियादी ढांचे के एजेंडे को आकार देने में अमूल्य योगदान दिया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, ऊर्जा जैसे आवश्यक क्षेत्रों में निवेश करके हम न केवल तत्काल जरूरतों को पूरा करते हैं बल्कि परिवर्तनकारी कदमों की एक श्रृंखला भी शुरू करते हैं जो ग्रामीण समुदायों के कल्याण पर गहरा प्रभाव डालते हैं।

प्रति युवाओं में जागरूकता बहुत जरूरी है।"- एक प्रतिभागी।

2016 में हिंदी फिल्म 'उड़ता पंजाब' ने पंजाब में ड्रग्स की समस्या पर फोकस किया था। 2023 में ऐसा लगता है कि ड्रग्स का इस्तेमाल शहरी अभिजात वर्ग और पंजाब तक ही सीमित नहीं है। भुवनेश्वर हो या जोधपुर, हर जगह हमें यह सुनने को मिला कि समाज के हर वर्ग में बड़ी संख्या में युवा ड्रग्स ले रहे हैं।

शराब ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से प्रमुख समस्या रही है। मेघालय, तमिलनाडु और ओडिशा में यह समस्या हमें अब भी सुनने को मिली। हालांकि ड्रग्स का पूरे देश में बढ़ता इस्तेमाल देख लगता है मुख्यधारा की मीडिया की नजरों में यह नहीं आया। गहरी समझ के अभाव में कोई इसके अलग-अलग कारण सोच सकता है। जैसे, क्या यह बेरोजगारी के कारण है, क्या यह इस वजह से है कि लोकप्रिय गाने और मीडिया इसे 'कूल' और स्वीकार्य बताने लगा है, या फिर ड्रग्स आसानी से मिलने लगे हैं? बेरोजगारी, सामाजिक संस्थाओं की कमी, लोगों की बढ़ती चाहत और उस हिसाब से ड्रग्स की उपलब्धता के कारण यह पूरे देश में महामारी की तरह फैल गई है।

ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर अब भी बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराने में असमर्थ

लोग अब भी अच्छी क्वालिटी के बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर का इंतजार कर रहे हैं। मेघालय के गारो, खासी और जैंतिया समुदाय के लोगों को अभी तक आने-जाने अथवा सामान ले जाने के लिए अच्छी सड़कें नहीं मिली हैं। रोड कनेक्टिविटी बढ़ी तो है, लेकिन वह अपर्याप्त है। जहां सड़क है वहां सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट नहीं है। यही स्थिति बिजली की है। ग्रामीण भारत में पूरे दिन बिजली की सप्लाई आज भी सपना है। आज के युग में इंटरनेट का लगातार कनेक्शन मिलना भी आवश्यक है।

राजस्थान के बालोतरा के एक किसान को

अभी तक पीने के लिए साफ पानी का इंतजार है। देश के दूसरे छोर पर स्थित मेघालय के लोगों की भी यही स्थिति है, जो नल का कनेक्शन चाहते हैं। मुजफ्फरनगर में किसानों के पास पानी तो है, लेकिन उनकी चिंता भूजल में मिल चुके रसायनों और धातुओं के जहरीले प्रभाव को लेकर है।

गांव में शिक्षा की बात आती है तो अक्सर लोगों को लगता है कि वे पीछे छूट गए हैं। सरकारी और निजी स्कूलों के बीच अंतर बढ़ता जा रहा है। लोग अच्छी सार्वजनिक शिक्षा चाहते हैं, लेकिन जहां स्कूल है वहां शिक्षकों की संख्या पर्याप्त नहीं। सरकारी स्कूलों के बारे में धारणा है कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दे सकते।

अच्छी सेहत और स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत भी हर जगह लोगों में बढ़ती दिखाई दी। जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ने के साथ लोग बेहतर इलाज की मांग करने लगे हैं, लेकिन

कोयंबटूर में आयोजित ग्रामीण भारत का एजेंडा कार्यक्रम में शामिल हुए प्रतिभागी।

मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल गांव से काफी दूर हैं। स्थानीय स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर में अनेक खामियां हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र पर्याप्त नहीं और वहां दवाई और उपकरण भी नहीं मिलते। एक प्रतिभागी के अनुसार, "हम अपने गांव में स्वच्छ वातावरण चाहते हैं, वहां आराम करने की जगह हो, खेल का मैदान हो, व्यायाम करने की सुविधा हो।"

गांव में रहने वाली पुरानी पीढ़ी समाज में बदलाव को देख रही है। उन्हें लगता है कि लोगों में भाईचारा कम होता जा रहा है। युवा पीढ़ी हमेशा अपने फोन में लगी रहती है और वह गांव-परिवार से दूर हो गई है। खानपान और जीवन शैली बदलने के साथ युवाओं में मोटापे की बीमारी बढ़ रही है।

अक्सर अनियोजित तरीके से सड़कों और इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होने से पेड़ काटे जा रहे हैं। वाहनों की संख्या और कचरा बढ़ता जा रहा है। लोगों के बैठने के लिए पहले जो खुली जगह हुआ करती थी, अब वह कहीं नहीं दिखती। अब लोग पेड़ के नीचे बैठकर जीवन और राजनीति की चर्चा नहीं करते। ऐसे स्थान की जरूरत है जहां लोग एकत्र हो सकें, आराम से बैठ सकें, बातें कर सकें तथा जहां युवा खेलकूद-व्यायाम कर सकें। एक स्थान सबके मनोरंजन का भी हो। गांव को पुनर्जीवित करने के लिए इस तरह के स्थान का निर्माण करना सबसे आसान और महत्वपूर्ण तरीका हो सकता है।

चुनावी राजनीति और प्रशासन में भ्रष्टाचार

"सबसे पहले वादा यह हो कि वादा करने वाला वादा नहीं निभाए तो उसे कानूनन अपराध माना जाए और इसके लिए सजा का प्रावधान हो। क्योंकि वे वादा करते हैं, आप वोट देते हैं, वे चले जाते हैं फिर अगले 5 साल बाद आए ही नहीं तो बात ही खत्म हो गई।"

कोयंबटूर सम्मेलन में विभिन्न जिलों से आए ग्रामीण लोगों ने चुनावी राजनीति में धनबल और बाहुबल का मुद्दा उठाया। वहां एक व्यक्ति का कहना था कि कानून अभी सिर्फ किसानों को निशाना बनाता है। अगर कहीं भ्रष्टाचार सामने आता है तो सरकारी अधिकारी पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

भ्रष्टाचार के खिलाफ राजस्थान में भी तगड़ा माहौल दिखा। सम्मेलन में आए लोगों ने पैसे देकर और 'मुफ्त' का वादा करके मतदाताओं को लुभाने पर रोक लगाने की मांग की। वे चाहते हैं कि भ्रष्टाचारी नेताओं और आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगे। लोग जुमले सुनकर थक गए हैं। वे चाहते हैं कि उनका प्रतिनिधि जो वादे करके चुनाव जीता है, उन वादों को वह पूरा करे।

ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभी दूर का सपना है। प्रशासनिक कार्यों में भ्रष्टाचार भी एक बड़ा मुद्दा उभर कर सामने आया। ज्यादातर लोगों का कहना था कि



पानी की किल्लत से जूझते ग्रामीण

अद्रिजा चौधुरी, सॉक्रेटस

पानी की सुविधा न केवल कृषि, बल्कि मानव समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों को पीने, घरेलू उपयोग और खेती में पानी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छ पानी जैसी बुनियादी जरूरत देश भर के ग्रामीण समुदायों की एक प्रमुख आकांक्षा थी। जोधपुर सम्मेलन में दो महिलाओं ने बताया कि पानी लेने के लिए वे प्रतिदिन लगभग 10 किलोमीटर पैदल जाती हैं। वे राजस्थान के अर्ध-शुष्क जिले नागौर से आई थीं और ट्यूबवेल या नल तक उनकी पहुंच नहीं थी। बाड़मेर, बालोतरा, फलोदी, सीकर, जोधपुर, पाली और उदयपुर सहित राजस्थान के अन्य जिलों से आए प्रतिभागियों ने पीने और सिंचाई के लिए पानी की कमी का मुद्दा उठाया। इन क्षेत्रों के किसानों ने भूजल स्तर में गिरावट और खेती में इस्तेमाल होने वाले केमिकल के कारण इसके प्रदूषित होने पर भी अफसोस जताया। ओडिशा और मेघालय जैसे ज्यादा वर्षा वाले राज्यों में भी पानी तक पहुंच की समस्याएं थीं। मेघालय के तीन मुख्य पहाड़ी क्षेत्रों- गारो, खासी और जैंतिया के प्रतिभागियों को सर्दियों में पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। उन्हें पीने का पानी आसानी से उपलब्ध नहीं होता। सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण वे खेती के लिए वर्षा पर निर्भर हैं। इसलिए साल में केवल एक या दो फसलें ही उगा पाते हैं। ओडिशा के 30 में से 21 जिलों से प्रतिभागी आए थे। उन्होंने पीने के पानी और सिंचाई सुविधाओं की कमी को प्रमुखता से उठाया।

किसानों के अलावा अन्य ग्रामीण नागरिकों ने भी स्थानीय जल स्रोतों के क्षरण पर चिंता जताई। मेघालय के प्रतिभागियों ने कहा कि मैकेनिकल तरीके से मछली पकड़ने से नदियां उथली हो रही हैं और मछलियों की संख्या कम हो रही है। तमिलनाडु के प्रतिभागी पश्चिमी घाट की नदियों, झीलों और जलधाराओं के प्रदूषण और प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा जैसी आक्रामक प्रजातियों के पानी से संबंधित मुद्दों के बारे में अत्यधिक जागरूक थे।

बेरोजगारीः सामान्य या मजबूरी?

अनसिला एम. थॉमस, सॉक्रेटस

बेरोजगारी को लेकर बातचीत एक बड़ी भयावह समस्या के रूप में सामने आई जो देश के सभी हिस्सों में एक जैसी है। देश के पांचों क्षेत्रों में हमने देखा कि युवाओं में बेरोजगारी एक विशेष मुद्दा बनकर उभरी। कुछ स्थानों पर शिक्षितों के लिए पार्ट टाइम रोजगार था, तो अन्य स्थानों पर उद्योगों की कमी की वजह से लोगों में निराशा थी।

आजीविका और सरकारी नीति के मुद्दों पर विभिन्न समूहों के बीच बहस हुई। कई लोग, विशेष रूप से कृषि में लगे लोग नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे उनके पेशे को अपनाएं। मुजफ्फरनगर में यह बात सामने आई कि विकल्पों की कमी से कई युवा बेहतर अवसरों और अच्छी जीवन शैली की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन करने लगे हैं। किसान माता-पिता को कर्ज में डूबते देखना और खेती को अपनाने से हतोत्साहित होने के बाद कई युवा खेती में नहीं जाना चाहते हैं।

गांव से होने वाले इस पलायन को कैसे रोका जा सकता है, इसका एक संभावित समाधान युवाओं को खेती के लिए तकनीकी शिक्षा से लैस करना है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। शैक्षिक पाठ्यक्रम काफी हद तक कृषि आवश्यकताओं से अलग हैं। राजस्थान के जोधपुर में भी युवाओं की बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा रही। यदि जनप्रतिनिधि छोटे व्यवसायों और मैन्युफैक्चरिंग सेटअप का समर्थन करने वाली नीतियों को प्राथमिकता देते हैं, तो उन्हें वोट मिलने की अधिक संभावना होगी। मेघालय में बेरोजगारी की वजह से युवाओं में नशीली दवाओं और शराब की लत बढ़ी रही है।

ओडिशा और तमिलनाडु, में राजनीतिक भ्रष्टाचार को उनके क्षेत्रों में बेरोजगारी से जोड़ा गया। ओडिशा में अप्रभावी शासन विशेष निराशा का कारण थी। इसके कारण सरकार द्वारा प्रस्तावित कई योजनाएं लागू नहीं हो पाईं। यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन सभी मामलों में पार्ट टाइम रोजगार और विकल्प की कमी को बेरोजगारी के समान महत्व वाली समस्याओं के रूप में पहचाना गया।

जोधपुर में आयोजित ग्रामीण भारत का एजेंडा कार्यक्रम में शामिल हुए प्रतिभागी।

स्थानीय प्रशासन में भ्रष्टाचार उनके गांव की प्रगति में बाधा है। पंचायत और कोऑपरेटिव में भ्रष्टाचार मुजफ्फरनगर और जोधपुर में कई गरमा-गरम बहस का मुद्दा रहा। स्थानीय स्तर पर जवाबदेही बढ़ाने के एक समाधान के रूप में ग्राम सभाओं को मजबूत बनाने का सुझाव आया। भुवनेश्वर में प्रतिभागियों ने मनरेगा जैसी सरकारी स्कीम समेत हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार को लेकर चिंता जताई। शिलांग में भी लोगों की मांग थी कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बने और वह वादों पर खरी उतरे।भ्रष्टाचार पर बातचीत हाल के वर्षों में भले ही कम हुई जान पड़ती हो, लेकिन लोगों को लगता है कि यह लगातार गंभीर मुद्दा बना हुआ है।

वोट देने से पहले काफी सोच-विचार

जब लोगों से पूछा गया कि राज्य और राष्ट्रीय चुनाव में उनके लिए सबसे बड़ा मुद्दा क्या रहेगा, तो कागज पर अपनी बात लिखने से पहले उन्होंने काफी देर तक सोच विचार किया। लोग राजनीतिक रूप से जागरूक हैं। केंद्र और राज्य सरकार के लिए कौन से मुद्दे प्राथमिकता में है, यह अंतर स्पष्ट है। मेघालय में लोकसभा प्रत्याशी से ज्यादातर लोगों की मांग थी कि वह राष्ट्रीय स्तर पर राज्य और वहां की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करे, जनजातीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाए, शांति कायम करने में भूमिका निभाए और राष्ट्रीय योजनाओं को राज्य में अमल करवाए। राज्य चुनाव के प्रतिनिधियों से उनकी उम्मीद थी कि वह सामुदायिक विकास, जलापूर्ति और रोजगार के लिए कम करे। इसी तरह राजस्थान में विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों से लोगों की उम्मीदें नौकरियां, कानून व्यवस्था, शिक्षा, बिजली आदि को लेकर थी, तो राष्ट्रीय प्रतिनिधियों से नदियों को जोड़ने पर फोकस करने की अपेक्षा थी।

पानी भी हर क्षेत्र में लोगों की चर्चा का विषय रहा। भारत दुनिया के सबसे अधिक जल संकट वाले क्षेत्रों में है। चाहे पीने के पानी की बात हो अथवा सिंचाई के पानी की, इसकी कमी हम सबको प्रभावित करती है। दुर्भाग्यवश ग्रामीण क्षेत्रों में लोग औरों से ज्यादा इस समस्या को भुगत रहे हैं। यह जरूरी है कि हमारी राजनीतिक और नीतिगत बातचीत में इन दोनों महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया जाए।

ग्रामीण भारत अपना उचित स्थान मांग रहा है

"राजनीतिक दल ग्रामीण विकास की योजनाओं के मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में शामिल कर घोषणा पत्र समिति में ग्रामीणों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें।" एक प्रतिभागी का यह कहना गांव की आकांक्षा को बताता है। देश के 60 जिलों के 300 से ज्यादा लोगों की दबी हुई आकांक्षा यही है कि राष्ट्रीय परिकल्पना में ग्रामीण भारत को भी स्थान मिले। हमारा मीडिया, सिनेमा, हमारी आकांक्षाएं और राजनीति सब 65% भारतीयों के जीवन की हकीकत से दूर जाती दिख रही हैं। इन ज्वलंत मुद्दों का समाधान न करना गवर्नेंस की नाकामी है। सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव जैसी समस्याएं तो दशकों से हैं, जलवायु परिवर्तन और ड्रग्स की समस्याएं हालिया हैं।

लोगों में कृषि गतिविधियों के प्रति आकर्षण फिर से जगाने की जरूरत है। किसानों के बच्चे

शिलांग में आयोजित ग्रामीण भारत का एजेंडा कार्यक्रम में शामिल हुए प्रतिभागी।

उत्तर-पूर्वी ग्रामीण भारत की हकीकत

जोनाथन डोनाल्ड सिम्लिह, सॉक्रेटस

'एजेंडा फॉर रूरल इंडिया- मेघालय' सम्मेलन में राज्य के सात जिलों के प्रतिभागियों के विविध समूहों ने अपने अनुभवों और दृष्टिकोणों के आधार पर ग्रामीण विकास और स्थायित्व पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की। दुनिया के सबसे अधिक बारिश वाले क्षेत्रों में से एक के रूप में अपनी पहचान के बावजूद मेघालय सर्दियों में पानी की कमी की समस्या से जूझता है। पीने के लिए साफ पानी की कमी तो होती ही है, खेती में सिंचाई के लिए भी पानी कम मिलता है।

कुछ प्रमुख निष्कर्ष

आजीविका: पूर्वी जैंतिया हिल्स से आए एक प्रतिभागी ने कहा, 'हमें अपनी आजीविका के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।' उन्होंने राज्य में बेरोजगारी की व्यापक स्थिति पर अपने विचार साझा करते हुए युवाओं को श्रम बल में समाहित करने के लिए नौकरी के अवसरों और कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतिभागियों के मुताबिक, उद्यमिता और ग्रामीण उद्यम को प्रोत्साहित करने के नए तरीके खोजना आजीविका की संभावनाएं बढ़ाने में महत्वपूर्ण हो सकता है।

ग्रामीण विकास: प्रतिभागियों ने रोड नेटवर्क के मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि इसकी कमी न सिर्फ पहुंच को बाधित करती है, बल्कि व्यापार और परिवहन के अवसरों को भी सीमित करती है। उन्होंने बुनियादी स्वास्थ्य ढांचे की अपर्याप्तता के साथ-साथ अनियमित शिक्षकों और बीच में ही स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की दर ज्यादा होने के कारण शिक्षा सुविधाओं की कमी को भी सामने रखा।

जलवायु परिवर्तन: ज्यादातर प्रतिभागियों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से कीटों का संक्रमण बढ़ गया है जिससे पैदावार पर खतरा पैदा हो गया है। किसानों ने फसलों का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष और भुगतान में देरी का अनुभव साझा करते हुए चिंता जताई। पूर्वी पश्चिमी खासी हिल्स के एक किसान ने कहा कि मौसम में अचानक बदलाव और चरम घटनाओं में वृद्धि ने पैदावार और किसानों की आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

कृषि: किसानों ने सरकार से नियामकीय भूमिका की भी मांग की, ताकि कृषि बाजार में उनके हितों की रक्षा की जा सके, निष्पक्षता बढ़े और यह सुनिश्चित किया जा सके कि कृषि क्षेत्र स्थिर और आर्थिक रूप से व्यवहार्य बना रहे।

नशीले पदार्थों का सेवन: युवाओं में बढ़ती नशाखोरी एक प्रमुख सामाजिक मुद्दे के रूप में उभरी, जो दीर्घकालिक स्वास्थ्य और सामाजिक चुनौतियां पैदा करती है। एक ग्रामीण कार्यकारी सदस्य ने कहा कि कम उम्र में विवाह की प्रथा बच्चों के समग्र कल्याण और शिक्षा एवं अवसरों तक पहुंच पर सवाल उठाती है।

युवाओं से संवाद: मेघालय के युवाओं ने सड़कों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे बुनियादी ग्रामीण ढांचे पर ध्यान न देने जैसी अपनी चिंताओं को व्यक्त किया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की विशाल क्षमता का इस्तेमाल करने, पर्यटन को बढ़ावा देने, खेल के अवसरों और कला को बढ़ावा देने के लिए सरकारी समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा, सम्मेलन में उन तरीकों की खोज पर चर्चा हुई जिसके माध्यम से युवा उद्यमशीलता की मानसिकता को बढ़ावा दे सकते हैं और अपने समुदायों के विकास और समृद्धि में योगदान दे सकते हैं।

मतदान की प्राथमिकता: प्रतिभागियों ने बताया कि समग्र ग्रामीण विकास का समर्थन करने वाले उम्मीदवारों को ही वे आगामी विधानसभा चुनाव में वोट देंगे। उनकी शीर्ष प्राथमिकताओं में व्यापक सड़क संपर्क, किफायती स्वास्थ्य सेवा, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और रोजगार सृजन के साथ 2025 तक जीरो लोड शेडिंग के साथ नियमित और निर्बाध बिजली का आश्वासन शामिल है।

और युवा खेती नहीं करते हैं तो कोई भविष्य नहीं है। इसलिए एक किसान का कहना था, *"क्या स्वाभिमान नहीं है हमारे अंदर, हम मेहनत वाले लोग हैं, अन्नदाता कहलाए जाते हैं किसान, खुद नहीं कमा सकते क्या, आप हमें व्यवस्थाएं दीजिए, साधन दीजिए, बाकी का हम कर लेंगे।"*

लोगों को अब भी अपने गांव पर और खुद पर गर्व है। वे विकास चाहते हैं, लेकिन जानते हैं कि शहर जाने का मतलब जरूरी नहीं कि उनका जीवन बेहतर हो जाएगा। वे ऐसे अनेक लोगों को जानते हैं जो शहरों में झुग्गी बस्तियों में रहते हैं, गिग इकोनॉमी में काम करते हैं। इसके बजाय वे गांव में ही अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं। अनकहा सवाल है- 'फ्री बी' देने के बदले क्या यह संभव नहीं कि गांव में निवेश किया जाए और स्थानीय स्तर पर उद्यमी तथा बिजनेस खड़े किए जाएं, जिससे वहां के लोगों का जीवन सुधर सके? क्या अच्छी एक्सटेंशन सेवा और मार्केटिंग से खेती की मदद नहीं की जा सकती है?

ग्रामीण भारत की आकांक्षा एक बेहतर जीवन की है, और यह आकांक्षा पूरे देश में है। गांव के लोग काम करने और इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए तैयार हैं। कोयंबटूर में किसानों का एक समूह किसान परिवारों को डिस्काउंट पर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराता है। लोग एकजुट हों तो उनकी ताकत बढ़ जाती है। सरकार सही कदम उठाए और बाजार की मदद मिले, तो इनकी आकांक्षाएं हकीकत बन सकती हैं। Rw

(प्रचुर गोयल सॉक्रेटस के डायरेक्टर हैं)

नए ग्रामीण भारत की आकांक्षाएं

टी. नंदकुमार

लेखक खाद्य एवं कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व सचिव और एनडीडीबी के पूर्व चेयरमैन हैं

रूरल वॉयस (रूरल वर्ल्ड का सहयोगी प्रकाशन) और सॉक्रेटस (गैर सरकारी संगठन) ने यह असाधारण कार्य किया है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में गया, वहां लोगों की बातें सुनीं। इसने भारत के अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच केंद्रों में लोगों की आकांक्षाओं को समझने का प्रयास किया। संक्षेप में कहें, तो यह प्रयास बहुसंख्यक भारतीयों की चिंताओं, प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं के साथ भविष्य के दृष्टिकोण का खाका प्रस्तुत करता है। सरकार और नीति निर्माताओं के लिए यह ग्रामीण विकास को नया स्वरूप देने और आकांक्षी ग्रामीण भारत की समस्याओं के समाधान का एक टेम्पलेट भी मुहैया कराता है।

आयोजकों ने विकास, जलवायु और पर्यावरण तथा राजनीतिक-आर्थिक के अलग-अलग शीर्षकों के तहत मुद्दों को रेखांकित किया है। फिर भी, साझा तौर पर जो मुद्दे सामने आते हैं, वे हैं: अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में लोग उर्वरकों और कीटनाशकों का कम उपयोग करना चाहते हैं, बाजार तक बेहतर पहुंच के साथ उपज की अच्छी कीमत चाहते हैं, मानव-पशु संघर्ष का समाधान चाहते हैं- विशेष रूप से आवारा पशुओं के संदर्भ में, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस के साथ पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक प्रयास चाहते हैं।

हालांकि इन मुद्दों को विभिन्न मंचों पर अनेक बार उठाया गया है, यह संभवतः पहली बार है कि उन्हें एक ठोस, एक्शन योग्य प्रारूप में रखा गया है। ग्रामीण भारत की आम शिकायत है कि चुनावों में किए जाने वाले बड़े-बड़े वादों पर अमल नहीं होता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि ग्रामीण भारत नेताओं और उनके चुनावी वादों से निराश है। उन्हें एहसास होने लगा है कि चुनावी वादे तो बस जुमले हैं। यदि ग्रामीण भारत को समृद्ध, स्वस्थ और शांतिपूर्ण बनाना है तो इस धारणा को बदलना होगा। सरकार से लोगों के निराश होने का परिणाम समाज में अशांति हो सकती है और उग्रवाद का मार्ग प्रशस्त हो सकता है जो देश के समग्र विकास के लिए हानिकारक है।

ग्रामीण भारत को अवरुद्ध करने वाली इनमें से अधिकांश समस्याओं से सरकार अवगत है। उसने मनरेगा, स्वच्छ भारत, ग्रामीण पेयजल मिशन (जल शक्ति), ग्रामीण विद्युतीकरण, पीएम किसान, आकांक्षी जिला (अब ब्लॉक) कार्यक्रम, मध्याह्न भोजन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आईसीडीएस जैसी योजनाओं के माध्यम से समय-समय पर इन समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया है। इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण भारतीयों की आय और जीवन में सुधार है। अधिकांश योजनाओं के सकारात्मक परिणाम रहे हैं। हालांकि, आकांक्षी ग्रामीण भारत गरीबों के जीवन में सुधार लाने वाले ऐसे कार्यक्रमों से अधिक और तेज नतीजों की उम्मीद करता है। इस लिहाज से देखा जाए तो कुछ योजनाओं को एकीकृत करने और गांव तथा ब्लॉक स्तर पर प्रयासों को साथ लाने के लिए नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय अपने गठन के बाद से ही ग्रामीण विकास और गरीबी दूर करने के कार्यक्रम तैयार और कार्यान्वित कर रहा है। इस मद में वह काफी व्यय भी करता है। इनमें आईआरडीपी और इसके बाद के अवतार मनरेगा, पीएमजीएसवाई जैसे कुछ प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं। स्वास्थ्य, पेयजल और स्वच्छता, कृषि, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन, पंचायती राज, जल संसाधन जैसे अन्य मंत्रालयों के भी कई प्रमुख कार्यक्रम ग्रामीण भारत के लिए हैं, जिन्हें संबंधित मंत्रालय संचालित करते हैं। इन्हें जिला और ब्लॉक स्तरों पर लागू किया जाता है। इन कार्यक्रमों को लागू करने वाली संबंधित एजेंसियों द्वारा केंद्रीय और राज्य स्तर पर इनकी निगरानी की जाती है। लेकिन ऐसा लगता है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय के पास सभी ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और ग्रामीण आबादी पर उनके प्रभाव की जानकारी नहीं है। व्यापक विकास के परिप्रेक्ष्य से नतीजों को मापना और प्रभावों का आकलन करना एक चुनौती बना हुआ है।

सरकार को चाहिए कि वह सभी ग्रामीण कार्यक्रमों की योजना बनाने और उनकी निगरानी में ग्रामीण विकास विभाग को बड़ी भूमिका दे। उसकी भूमिका नीति आयोग के लगभग समानांतर हो। कार्यक्रमों को ब्लॉक और जिला स्तर पर लागू करने की जिम्मेदारी भी उसी के पास हो। इसके लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय में योजना बनाने के साथ उनकी निगरानी कार्य समाहित करने की आवश्यकता है।

केंद्रीय मंत्रालयों में मंत्री और सचिव स्तर पर शासन के पद-क्रम की प्रकृति को देखते हुए, इसके लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय में एक अलग तरह की समन्वय अथॉरिटी की आवश्यकता है। पारंपरिक समन्वय समिति या मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह से परिणाम मिलने की संभावना नहीं है। संबंधित मंत्रालय राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुसार कार्यक्रम डिजाइन करने के लिए स्वतंत्र रहें,

लेकिन कार्यान्वयन और परिणामों की निगरानी की जिम्मेदारी नई समन्वय अथॉरिटी को सौंपी जानी चाहिए। राज्य स्तर पर भी ऐसी ही अथॉरिटी बनाई जानी चाहिए।

अधिकांश केंद्रीय कार्यक्रमों का प्रभावी कार्यान्वयन राज्य और जिला स्तर के प्रशासन पर निर्भर करता है। विकास के अधिकांश कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में जिला प्रमुख प्रशासनिक इकाई बन गया है। लेकिन जिला कलेक्टर की व्यवस्था अब भी पुराने राजस्व और कानून-व्यवस्था सिस्टम की तर्ज पर चल रही है। जिला स्तर पर जिला विकास आयुक्त और जिला परिषद प्रणाली गठित करने के प्रयोगों के वांछित परिणाम नहीं मिले हैं। राज्य सरकारें अपनी भूमिका और अधिकारों को किसी जिला स्तरीय संस्था को सौंपने में झिझकती रही हैं, चाहे वह निर्वाचित हो या अन्य। एक-दो राज्यों को छोड़कर, जिला स्तरीय पंचायती राज (जिला परिषद) प्रयोग को कोई खास सफलता नहीं मिली है।

आधुनिक समय में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाली प्रगति विकास को आगे बढ़ा रही है। इसके साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी का महत्व भी बढ़ा है। इसे देखते हुए जिला स्तर पर शासन के मॉडल को इसके दायरे, इसकी शक्तियों और जिम्मेदारियों के संदर्भ में एक नया स्वरूप देने की आवश्यकता है। योजना बनाना निर्वाचित प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी होनी चाहिए, कार्यान्वयन की जिम्मेदारी कार्यपालिका की ही होनी चाहिए। विकास की निगरानी अलग ढंग से हो और योजनाओं में ही उनमें सुधार की गुंजाइश होनी चाहिए। जिला कलेक्टर कार्यालय कामकाज के मौजूदा मानदंडों के साथ आकांक्षी भारत की चुनौतियों को पूरा करने में सक्षम नहीं होगा। इस कार्यालय को व्यापक तौर पर रीडिजाइन करने और मजबूत बनाने की जरूरत है। जिला कलेक्टर की मदद के लिए युवा और कुशल तकनीक वाले प्रोफेशनल होने चाहिए। कलेक्टर को कई नियमित समितियों और बैठकों से भी मुक्त किया जाना चाहिए जो उसके कामकाज पर असर डालती हैं। यदि सार्थक ग्रामीण विकास हासिल करना है तो जिला कलेक्टर की भूमिका और कार्यों को तत्काल नए सिरे से डिजाइन करने की आवश्यकता है।

खंड विकास कार्यालय ग्रामीण विकास का आधार है। तत्कालीन योजना आयोग के सामुदायिक विकास एजेंडे में इसकी कल्पना की गई थी। सभी प्रशासनिक कार्यालयों में यह संभवतः सबसे अधिक समीक्षा, पर्यवेक्षण और निगरानी किया जाने वाला कार्यालय है। कौशल और सपोर्ट सिस्टम को देखते हुए इस कार्यालय से अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि दिए गए टार्गेट को हासिल करना प्राथमिकता बन जाती है, चाहे वह टारगेट जो भी हो।

कार्यान्वयन के पद-क्रम में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यों और जिम्मेदारियों के मामले में सबसे महत्वपूर्ण होता है, लेकिन कौशल और सपोर्ट सिस्टम के लिहाज से उसकी स्थिति शायद सबसे कमजोर होती है। केंद्र और राज्य सरकारों ने इस कमी को दूर करने के लिए अक्सर अपर्याप्त और तदर्थ प्रयास ही किए हैं। उन्होंने खंड विकास कार्यालय के काम के ढांचे को रीडिजाइन करने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया है। उन्होंने अधिकारियों को कामकाज की प्रक्रिया या प्रौद्योगिकी के मामले में प्रशिक्षण देने में पर्याप्त निवेश भी नहीं किया है। आज का खंड विकास कार्यालय भविष्य का कार्यालय होने के बजाय अतीत का प्रतिनिधित्व करता है।

जिन राज्यों ने 73वें संविधान संशोधन की परिकल्पना के अनुसार पंचायतों को अधिक काम और जिम्मेदारियां सौंपी हैं, उनके परिणाम उन राज्यों की तुलना में बेहतर रहे हैं जो पंचायतों को सशक्त बनाने में धीमे थे। कई राज्यों ने तो पंचायतों को किसी तरह की स्किल या वित्तीय शक्ति दिए बिना सिर्फ कागजों पर अधिकार दे दिए। तेज ग्रामीण विकास हासिल करने के लिए उठाए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है- उपलब्ध सर्वोत्तम तकनीकी सहायता के साथ स्थानीय रूप से उपयुक्त योजनाओं को डिजाइनिंग, प्लानिंग और कार्यान्वित करने के लिए पंचायतों को सशक्त बनाना। वित्त आयोग के अनुदान के बावजूद राज्य पंचायतों को संसाधन आवंटित करने और उन्हें बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए मदद करने में असमर्थ रहे हैं। यह स्थिति ग्रामीण विकास के लिए अभिशाप है। कम समय में ग्रामीण परिदृश्य बदलने के लिए पांच साल का निवेश कार्यक्रम पहला कदम है। इसमें कौशल विकास, प्रौद्योगिकी उन्नयन, मैनेजमेंट ओरिएंटेशन, रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम, अधिक राशि का हस्तांतरण और इसके उपयोग के लिए निरंतर मार्गदर्शन शामिल होना चाहिए।

बेशक, राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। इनमें कृषि, पशुधन और मत्स्य पालन, रासायनिक उर्वरकों के लिए इन्सेंटिव, प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा, ग्रामीण बाजारों को शहरी मांग केंद्रों से जोड़ना, कृषि उपज के प्रसंस्करण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश तथा जलवायु और पर्यावरण से संबंधित नीतियां शामिल हैं।

किसी भी जन-हितैषी और जन-केंद्रित योजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न स्तर पर लोगों की बातों को ध्यान से सुनने की सरकार की क्षमता है। रूरल वॉयस और सॉक्रेटस का यह प्रयास ग्रामीण भारत की समस्याओं और आकांक्षाओं को समझने की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। सरकार को सलाह होगी कि वह समस्याओं और आकांक्षाओं को समझने तथा लोगों के अनुकूल नीतियों को डिजाइन करने में लोगों की आवाज सुनने के लिए ऐसे अनौपचारिक प्लेटफॉर्मों का उपयोग करे। Rw

जिन राज्यों ने 73वें संविधान संशोधन की परिकल्पना के अनुसार पंचायतों को अधिक काम और जिम्मेदारियां सौंपी हैं, उनके परिणाम उन राज्यों की तुलना में बेहतर रहे हैं जो पंचायतों को सशक्त बनाने में धीमे थे।

कृषि सुधार पर अब राज्य आगे बढ़ें

नीति आयोग के सदस्य ***प्रोफेसर रमेश चंद*** *दुनिया के जाने-माने एग्रीकल्चरल इकोनॉमिस्ट हैं। देश की कृषि नीतियों के निर्धारण में हमेशा उनकी छाप दिखती है। एग्रीकल्चरल इकोनॉमिस्ट होने के नाते उन्होंने कई पेपर और किताबें लिखी हैं। हाल ही में हरित क्रांति और अमृत काल को लेकर भारतीय कृषि पर उनका महत्वपूर्ण पेपर आया है, जिसमें उन्होंने देश के कृषि क्षेत्र के भविष्य का रोडमैप रखने की कोशिश की है।* ***रूरल वर्ल्ड*** *के एडिटर इन चीफ* ***हरवीर सिंह*** *से उनकी बातचीत के प्रमुख अंश:*

प्र एग्रीकल्चरल मार्केटिंग अब भी बड़ा जटिल मुद्दा है। इसके चलते फसलों की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव होते हैं जो किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए नुकसानदेह हैं। कृषि सुधारों का रोडमैप क्या होना चाहिए? किसान एमएसपी की गारंटी मांग रहे हैं, आप भावांतर को प्रभावी नीतिगत कदम मानते हैं। इस पर आपकी क्या राय है और कैसे काम होना चाहिए?

कृषि उत्पादन मौसम और जलवायु पर बहुत ज्यादा निर्भर करता है। इस कारण उनमें अस्थायित्व और उतार-चढ़ाव है, जो स्वाभाविक है। उसे रोक नहीं सकते, लेकिन जो उतार-चढ़ाव उत्पादन की प्रकृति की वजह से होते हैं और जिसका असर किसानों एवं उपभोक्ताओं पर पड़ता है, उसे हम मार्केट की सही नीतियों से कम कर सकते हैं और करना भी चाहिए। किसानों को उपज की जो कीमत मिलती है उसके दो पक्ष हैं। एक तो सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिलता है और दूसरा, बाजार से कीमत मिलती है। ये दोनों एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि पूरक हैं। बाजार प्रतिस्पर्धी हो तो किसानों को वाजिब कीमत मिल जाएगी, लेकिन उत्पादन ज्यादा होने पर प्रतिस्पर्धा के बावजूद कीमत गिर जाती है। इसलिए बाजार में

भी कीमतों को लेकर सरकार की ओर से हस्तक्षेप करने की जरूरत पड़ती है। हमें दो-तीन चीजों का ध्यान रखना चाहिए। एक तो यह कि बाजार में यदि किसानों को बेहतर कीमत मिल सकती है, तो एमएसपी उसको नुकसान न पहुंचाए। दूसरा यह कि एमएसपी देने का जरिया क्या है। हमारे देश में इसे ज्यादातर सरकारी खरीद के जरिये दिया जाता है। अनाजों की सरकारी खरीद इसलिए भी जरूरी है कि हमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के लिए अनाज चाहिए। अगर हमें पीडीएस से अलग अनाज चाहिए तो हमें दूसरे साधन अपनाने की जरूरत है, जैसे भावांतर भुगतान योजना, जिसका आइडिया मैंने बहुत साल पहले दिया था। मध्य प्रदेश और हरियाणा में इस पर थोड़ा अमल हुआ है। इस तरह के दूसरे साधनों का भी प्रयोग करना चाहिए जो एमएसपी के नकारात्मक असर को नियंत्रित कर सकते हैं।

प्र ***कृषि सब्सिडी नीति निर्धारकों और अर्थविदों के लिए बड़ा मुद्दा रहा है। यह राजनीतिक रूप से संवेदनशील भी है। सब्सिडी देने की नीति पर अमल जारी रहना चाहिए या प्रोत्साहन आधारित आर्थिक नीति अपनानी चाहिए? कुछ राज्यों ने किसानों को सीधे कैश ट्रांसफर की नीति अपनाई हैं। केंद्र भी पांच साल से किसानों को डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के रूप में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दे रहा है। क्या यह भविष्य में सब्सिडी की जगह ले सकता है?***

दोनों के अपने-अपने फायदे और नुकसान हैं। इसके बारे में पहले मैं विस्तार से बता दूं कि इस पर क्या विचार करना चाहिए और हम किस स्थिति की ओर जा रहे हैं। सब्सिडी का सबसे ज्यादा फायदा यह है कि यह उत्पादन को प्रोत्साहित करता है और ग्रोथ लाता है, क्योंकि अधिकांश सब्सिडी इनपुट पर होती है। इसका एक पक्ष यह भी है कि कोई किसान अपनी जमीन में इनपुट का उपयोग नहीं करता है, तो उसे सब्सिडी मिलने का कोई औचित्य भी नहीं है। दूसरा है नगद देना, जिसका इस्तेमाल किसान किसी भी रूप में कर सकता है, चाहे वह फर्टिलाइजर इनपुट हो या कोई और इनपुट या कुछ और। यह सभी को मिलेगा, भले वह इनपुट इस्तेमाल करता हो या नहीं। लेकिन सब्सिडी से उत्पादन पर जितना सकारात्मक असर पड़ता है उतना नगद हस्तांतरण से नहीं पड़ता। जो फर्टिलाइजर का ज्यादा इस्तेमाल करता है उसका उत्पादन ज्यादा होता है। यह सिस्टम में एक बैलेंस लाता है। सब्सिडी कई तरह की हैं। जैसे आप बीज पर सब्सिडी देते हैं, फिर जो टेक्नोलॉजी का कैरियर है उस पर सब्सिडी देना अच्छी बात है। एग्रीकल्चर कंजर्वेशन के लिए सब्सिडी अच्छा है। यदि आप फार्म मैकेनाइजेशन के लिए सब्सिडी देते हैं, जिसकी वजह से किसान पराली जलाने की बजाय उसका प्रबंधन कर पाता है, तो यह बहुत अच्छा है। महत्वपूर्ण यह है कि सब्सिडी किस तरीके से देते हैं और किस चीज पर देते हैं। सब्सिडी देने से ज्यादा सब्सिडी देने के तरीकों से इसके नकारात्मक प्रभाव पैदा हुए हैं। हम सिंचाई के लिए किसानों को मुफ्त बिजली देते हैं, इससे पानी का ज्यादा इस्तेमाल होगा और भूजल स्तर नीचे चला जाएगा। इस तरह दोनों के नकारात्मक और सकारात्मक पहलू हैं।

हम डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और इनकम सपोर्ट की ओर जा रहे हैं और सब्सिडी भी दे रहे हैं, लेकिन किसी भी सरकार ने इसे तर्कसंगत नहीं बनाया है, ऐसा नहीं होना चाहिए। तर्क दिया जाता है कि किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर या इनकम सपोर्ट सब्सिडी कम करने के लिए दिया जा रहा है, लेकिन वास्तव में हम उसको कम नहीं कर रहे हैं। यदि सभी सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों को देखा जाए तो इनकम सपोर्ट के रूप में दी जाने वाली राशि सब्सिडी की तुलना में बेहतर है।

तर्क दिया जाता है कि किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर या इनकम सपोर्ट सब्सिडी कम करने के लिए दिया जा रहा है, लेकिन वास्तव में हम उसको कम नहीं कर रहे हैं।

प्र ***खाद्य सुरक्षा में भारत ने आत्मनिर्भरता हासिल की है और देश एक बड़े कृषि निर्यातक के रूप में उभरा है। कृषि निर्यात का स्तर 50 अरब डॉलर को पार कर गया है। लेकिन दो साल से गेहूं, चावल और चीनी निर्यात पर प्रतिबंध या सख्ती की स्थिति क्यों पैदा हो गई है, जबकि सरकार ने रिकॉर्ड उत्पादन के दावे किये हैं। कृषि उत्पादों के निर्यात को लेकर नीतियों में स्थायित्व क्यों नहीं है? अचानक लिए जाने वाले फैसलों को आप कैसे देखते हैं?***

यदि आपकी परिस्थिति में स्थायित्व नहीं है तो आप नीति को भी स्थायी नहीं रख सकते हैं। नीतियां परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। यदि ऐसी परिस्थिति बनती है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में 10-15 फीसदी के सामान्य उतार-चढ़ाव से ज्यादा बदलाव आ जाता है तो हस्तक्षेप जरूरी हो जाता है। देश में अचानक कहीं बाढ़ या कोई प्राकृतिक आपदा आ गई, या किसी परिस्थिति में उत्पादन ज्यादा प्रभावित हो गया, तो उस स्थिति में आपको यह चुनना होता है कि आप देश को प्राथमिकता देते हैं या विदेश को। आपका अपना उपभोक्ता प्राथमिकता में है या विदेश का।

बहुत से फैसले देखने में लगता है कि अचानक लिए गए, लेकिन आप देखेंगे कि जरूर कोई न कोई कारण रहा होगा। जैसा पिछले दिनों आपने प्याज के मामले में देखा। अगर उसमें हस्तक्षेप नहीं किया जाता तो जैसा कि पहले होता था, प्याज की कीमत 100 रुपये तक चली जाती। फूड मैनेजमेंट और फूड प्राइस को नियंत्रित रखना उपभोक्ता और किसानों दोनों के लिहाज से जरूरी हो जाता है। मैं आपकी इस बात से जरूर सहमत हूं कि यह हस्तक्षेप तभी होना चाहिए जब कीमत एक तय सीमा से ऊपर या नीचे चली जाए।

किसानों और व्यापारियों सभी के मन में यह रहना चाहिए अगर कीमतें तय सीमा में रहेंगी तो सरकार हस्तक्षेप नहीं करेगी। उससे ऊपर या नीचे जाएंगी तो सरकार जरूर हस्तक्षेप करेगी। विदेशों में भी ज्यादातर सरकारें ऐसा करती हैं। हमने हमेशा पॉलिसी ऑफ स्ट्रैटेजिक लिबरलाइजेशन को माना है। हमारा लक्ष्य रहा

हमारा लक्ष्य रहा है कि हम अपने प्राइस को इंटरनेशनल ट्रेड के हिसाब से ऊपर-नीचे जाने देंगे, लेकिन उतार-चढ़ाव ज्यादा होने पर हम उसे प्रोटेक्ट करेंगे, कभी उपभोक्ता के लिए, तो कभी किसानों के हित में।

है कि हम अपने प्राइस को इंटरनेशनल ट्रेड के हिसाब से ऊपर-नीचे जाने देंगे, लेकिन उतार-चढ़ाव ज्यादा होने पर हम उसे प्रोटेक्ट करेंगे, कभी उपभोक्ता के लिए, तो कभी किसानों के हित में।

प्र ***क्या रद्द किये गये तीन कृषि कानून समय की जरूरत थी, क्या अब भी कृषि सुधारों पर काम होना चाहिए? सरकार दो साल से लगातार आवश्यक वस्तु अधिनियम का उपयोग कर रही है जो तीन कृषि कानूनों की उदार कृषि बाजार भावना के अनुरूप नहीं है। ये दोनों विषय एक दूसरे के प्रतिकूल हैं, तो कृषि क्षेत्र में सुधारों की कितनी जरूरत है?***

जब तीन कृषि कानून वापस लिए गए थे तो प्रधानमंत्री ने कहा था कि शायद हम किसानों को इन कानूनों के फायदे समझाने में असफल रहे। नीतियों में कमियां हो सकती हैं। मेरा मानना है कि किसी भी इकोनॉमी में प्रगति के कई महत्वपूर्ण कारण होते हैं। जैसे, टेक्नोलॉजी प्रोडक्शन बढ़ाने का कारक होता है, दूसरा, हमारी पॉलिसी और इंस्टीट्यूशन उसके कारक होते हैं। परिस्थिति के हिसाब से यदि हम पॉलिसी और इंस्टीट्यूशन में सुधार नहीं करते हैं तो इंक्रीमेंटल चेंज ही आएगी, ट्रांसफॉर्मेशनल चेंज नहीं आएगी। पिछले महीने मैं मार्केटिंग के एक कॉन्फ्रेंस में तमिलनाडु गया था। वहां मैंने मार्केटिंग सोसायटी से कहा था आप हर राज्य में यह डिबेट करें, क्योंकि वर्ष 2002 से इस पर बहुत अच्छे-अच्छे विचार आ चुके हैं, इन पर बहुत डिबेट हो चुकी है, हमें उसको छोड़ना नहीं चाहिए। सरकार के थिंकर्स ने अपनी ओर से बेहतर करने का प्रयत्न किया, लेकिन वह किन्हीं कारणों से पूरा नहीं हो सका। राज्य स्तरीय समितियों को अपनी परिस्थितियों के हिसाब से इन कानूनों के उन मॉडल पर चर्चा करनी चाहिए जो फायदेमंद हो सकते हैं। जैसे मॉडल एपीएमसी एक्ट आया था, मॉडल कांट्रैक्ट फार्मिंग एक्ट था, मॉडल लैंड लीजिंग एक्ट था, उन मॉडल को लेकर राज्य अपने यहां चर्चा करें। मैं किसानों से भी आपके माध्यम से अपील करूंगा कि वे खुले मन से इन पर चर्चा करें। इनको ठंडे बस्ते में डालना कृषि क्षेत्र और किसानों के लिए अच्छा नहीं होगा।

हम सब जानते हैं कि कृषि क्षेत्र के कुछ पहलू केंद्र के स्तर पर हैं और कुछ राज्य के स्तर पर। राज्यों की भी जिम्मेदारी उतनी ही बड़ी है, या कहें कि कृषि क्षेत्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी ज्यादा बड़ी है। उनको इसके सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष पर व्यापक चर्चा करनी चाहिए और उससे जो निकल कर आए उसे लेकर सुधारों की ओर जाना चाहिए।

दूसरा, आपका सवाल है कि केंद्र सरकार एक ओर आवश्यक वस्तु अधिनियम में सुधार लेकर आई थी, तो दूसरी ओर खुद उसका ज्यादा इस्तेमाल कर रही है। आवश्यक वस्तु अधिनियम में बदलाव लाने का आधार यह था कि मार्केट में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी तो मार्केट में निजी निवेश बढ़ेगा। यदि कभी किसी चीज की उपलब्धता की जरूरत हो, तो सरकार का ही नहीं बल्कि निजी क्षेत्र का भी बफर स्टॉक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। दो ही तरीके से कीमतें स्थिर रह सकती हैं, या तो आप ट्रेड करो या फिर स्टॉक में रखो। ज्यादातर देशों में सरकारी स्टॉक नहीं होता है, वहां प्राइवेट स्टॉक से ही उतार-चढ़ाव को नियंत्रित किया जाता है। यदि बाजार से संबंधित कानून लागू हो जाता तो आप देखते कि निजी निवेश कितना बढ़ता, कितने भंडारण गृह बनते। बजाय इसके कि सारा माल एकदम से बाजार में आ जाए, वह धीरे-धीरे कीमत के हिसाब से बाहर आता। आवश्यक वस्तु अधिनियम और बाजार को लेकर कानून एक दूसरे के पूरक थे। आवश्यक वस्तु अधिनियम रहेगा तो निजी निवेश नहीं आएगा और अगर निजी निवेश नहीं आता है तो आपको आवश्यक वस्तु अधिनियम की जरूरत पड़ेगी। यह एक वजह है कि पहले सरकार जो करना चाहती थी अब उसके विपरीत कर रही है।

प्र ***आपने पिछले दिनों 'हरित क्रांति से अमृत कालः लेसंस एंड वे फारवर्ड फॉर इंडियन एग्रीकल्चर' पेपर जारी किया, जिसमें हरित क्रांति से सबक लेकर कृषि की भावी रणनीति के लिए कदमों को सामने रखा है। इन पर अमल कैसे होगा?***

पिछले 75 वर्षों में हमारी कई उपलब्धियां रही हैं और पिछले 10 वर्षों में तो हमारा ऐतिहासिक रिकॉर्ड रहा है। कृषि क्षेत्र की ग्रोथ 4-5 फीसदी रही है। उनके साथ बहुत सारी चुनौतियां भी खड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी

चुनौती के रूप में सामने आया है, केमिकल के बहुत ज्यादा प्रयोग से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। इन सब चीजों को ध्यान में रखकर उस पर साइंटिफिक तरीके से रोड मैप नहीं बनाएंगे तो इधर-उधर भटकने की आशंका रहेगी। मैंने उसमें यह बात भी लिखी है कि हम जो प्राकृतिक खेती की ओर जाने की बात कह रहे हैं, उससे हरित क्रांति के नकारात्मक प्रभावों में सुधार आएगा। इनको देखते हुए एक रोड मैप तैयार किया है। उसमें एक-दो बातें मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा। अधिकांश सबूत ऐसे हैं कि एग्रो-केमिकल आधारित खेती को छोड़कर परंपरागत खेती, जिसमें एग्रो-केमिकल का इस्तेमाल नहीं होता था और देसी बीज का उपयोग होता था, में उत्पादकता 30 से 35 फीसदी प्रभावित होगी। परंपरागत खेती में उत्पादकता की कमी को मैं दूसरे तरीके से देखता हूं। हरित क्रांति की वजह से जो आधुनिक खेती शुरू हुई, उसमें 100 साल के विज्ञान की भूमिका है। मक्का का हाइब्रिड 1920 में ही आ गया था। फिर केमिकल आए, तरह-तरह के सीड्स आए और कई सारी चीजें आईं। एक ओर 100 साल का विज्ञान और दूसरी ओर परंपरागत खेती जिसमें हमने विज्ञान को शामिल ही नहीं किया।

इन सबको देखते हुए मैंने एक रोड मैप रखा है कि यह जो उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है, उसका एक हिस्सा हम सहन कर सकते हैं क्योंकि अब हम खाद्यान्न में सरप्लस हैं। हम यह चांस ले सकते हैं कि धीरे-धीरे उस ओर बढ़ते जाएं लेकिन बहुत संभल कर। दस साल बाद इसका जायजा लें कि इस दौरान इसमें विज्ञान को शामिल कर उत्पादकता बढ़ाने में कामयाब हो गए ताकि हमारी खाद्य सुरक्षा पर कोई नकारात्मक असर न पड़े।

उदाहरण के लिए, जब हम अगले 25 साल के लिए विकास की बात करते हैं, तो अक्सर कहा जाता है कि विकसित देशों में कृषि को लेकर क्या हुआ था। जब वे विकासशील से विकसित देश बने तो उनका एक मॉडल था। वे उसी के अनुसार विकसित हुए और वहां की सभी सरकारों ने उस मॉडल को लेकर अपनी नीतियां बनाई। वह मॉडल यह था कि जब कोई अर्थव्यवस्था प्रगति करती है तो वहां इंडस्ट्री बढ़ती है और मजदूर कृषि क्षेत्र छोड़ कर इंडस्ट्री में आते हैं। दोनों क्षेत्रों में नई-नई मांग आती है और देश की आय और देश के रोजगार में कृषि की हिस्सेदारी घटती जाती है। पश्चिमी देशों में आप देखेंगे कि कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी इकोनॉमी में 2-4 फीसदी ही है और 2-4 फीसदी लोग ही वहां कृषि में लगे हुए हैं। मगर पिछले कुछ सालों में यह पाया गया कि गैर कृषि क्षेत्र, विशेष तौर पर इंडस्ट्री सेक्टर बहुत कम रोजगार पैदा कर पा रहा है। सेक्टर की ग्रोथ तो 10 फीसदी हो रही हो लेकिन रोजगार की ग्रोथ 2-4 फीसदी ही है।

विकासशील से विकसित बने उन देशों ने जो मॉडल अपनाया, हमारे लिए आज की इंडस्ट्री उस विकल्प को बंद कर चुकी है। हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि विकसित भारत का लक्ष्य लेकर अगर हम चल रहे हैं, जिसमें हर व्यक्ति की आमदनी 2100 डॉलर से बढ़कर 11-12 हजार डॉलर हो जाएगी, तो फिर लोगों को रोजगार कहां मिलेगा, लोगों की आमदनी कहां से होगी। सरकार का इनक्लूसिव ग्रोथ का जो लक्ष्य है, उसमें हमें सिर्फ देश की आमदनी नहीं बढ़ानी, बल्कि सभी लोगों की आमदनी बढ़ानी है और आमदनी बढ़ती है रोजगार से। उस रोड मैप में मैंने इस चीज को भी उजागर करने की कोशिश की है कि हमें अब कृषि केंद्रित विकास

बहुत सारी चुनौतियां भी खड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है, केमिकल के बहुत ज्यादा प्रयोग से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ा है।

के बारे में सोचना होगा, क्योंकि हमारा रोजगार अब भी कृषि केंद्रित है। पिछले दिनों 2022-23 का पीएलएफएस का सर्वे आया, वह भी कहता है कि 45.8 फीसदी कार्यबल कृषि क्षेत्र में ही है। उसमें बहुत धीमी गति से कमी आ रही है। सस्टेनेबिलिटी, इम्प्लॉयमेंट, क्लाइमेट चेंज और इसी तरह ग्रोथ की गति को बरकरार रखना, इन सब को देखकर मैंने उसमें एक पोजीशन लिया है कि विकसित भारत बनाने में कृषि केंद्रीय भूमिका अदा करेगा।

प्र कृषि में नई तकनीक पर जोर है लेकिन कृषि शोध और ढांचागत सुविधाओं पर सार्वजनिक निवेश नहीं बढ़ रहा है जिसकी जरूरत लगातार कृषि वैज्ञानिकों की ओर से बताई जाती रही। जीएम टेक्नोलॉजी को लेकर भी सरकार की नीति बहुत स्पष्ट नहीं। क्या जीएम टेक्नोलॉजी भारत के लिए उपयोगी है और क्या शोध एवं तकनीक को अपनाने एवं निवेश बढ़ाने को लेकर हमें आक्रामक रुख अपनाना चाहिए?

कृषि क्षेत्र में तकनीक कई सारे क्षेत्र से आ रहे हैं। पहले हम पब्लिक सेक्टर पर ही पूरी तरह निर्भर थे। अब आप देख रहे होंगे कि एग्री-स्टार्टअप भी आ रहे हैं, निजी क्षेत्र भी है। लेकिन हमने एग्रीकल्चर का जो फ्रेगमेंटेशन कर दिया- एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, वेटनरी यूनिवर्सिटी, हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी, फिशरीज यूनिवर्सिटी- उससे फिक्स्ड कॉस्ट इतनी ज्यादा बढ़ गई कि जो पैसा शोध में जाना चाहिए था वह वेतन में जाने लगा। उसका हम एफिशिएंट इस्तेमाल कर सकते थे। कई सरकारें यह भी कहती हैं कि सब्सिडी पर सारा पैसा खर्च हो जाता है तो शोध के लिए कहां से दें। हमें इसको गंभीरता से लेना चाहिए। पब्लिक सेक्टर के शोध से ही देश में मजबूती आती है। मैं तो यह भी कहूंगा कि किसान भाई के फायदे के लिए जो टेक्नोलॉजी है वह उसका प्रचार करें, राज्यों को भी इसके लिए कोशिश करनी चाहिए और यह बहुत जरूरी है। आजकल टेक्नोलॉजी महंगी भी होती जा रही है। हमें विश्व के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है।

आपने जीएम टेक्नोलॉजी का सवाल पूछा, यह संवेदनशील मुद्दा है लेकिन मैं इसका जवाब देने में हिचकिचाऊंगा नहीं क्योंकि यह देश और किसानों के भविष्य का मामला है। पहले तो मेरा यह मानना है कि जहां परंपरागत तकनीक से आपको सफलता मिलती है वहां हमें जीएम में बिल्कुल नहीं जाना चाहिए, जैसे गेहूं में, चावल में जो सफलता मिल रही है तो उसमें जाने की जरूरत नहीं है। मगर पूरा जोर लगाने के बाद भी अगर परंपरागत तकनीक से हमें कुछ नहीं मिलता है तब हमें मजबूरी में जीएम टेक्नोलॉजी की ओर जाना चाहिए। दूसरा, जो यह कहा जा रहा है कि प्राइवेट सेक्टर सीड्स के जरिये टेक्नोलॉजी को बहुत महंगा कर देता है, तो जहां पर जीएम का डेवलपमेंट पब्लिक सेक्टर इंस्टीट्यूशन करती है, जैसे बैंगन को डेवलप किया, सरसों को डेवलप किया, हमें वैसा करना चाहिए। तीसरा हमारे देश में जीएम टेक्नोलॉजी का ऑब्जेक्टिव असेसमेंट नहीं है। यहां तक कि जीईएसी में भी कोई कृषि वैज्ञानिक ही नहीं था। कृषि वैज्ञानिक को नीति निर्धारण में रखना जरूरी है। हम केमिकल का इस्तेमाल कम करना चाहते हैं, जीएम टेक्नोलॉजी तो कई तरह के केमिकल का सब्सटीट्यूट हैं जिसमें आपको केमिकल से मुक्ति मिलती है, तो इन सब चीजों को हमें देखना चाहिए। और चौथा, हम टेक्नोलॉजी को कहीं बहुत ज्यादा इग्नोर तो नहीं कर रहे हैं। एक तरफ टेक्नोलॉजी की अनदेखी कर रहे हैं और दूसरी तरफ हमें खाद्य

तेलों के आयात पर अरबों डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इन सब बातों को देखते हुए देश को इसे पूरी तरह खारिज नहीं करना चाहिए। कहीं और हमें सफलता नहीं मिलती है तो खाद्य तेल में इसको जरूर मौका देना चाहिए।

प्र ***पर्यावरण में बदलाव की बढ़ती घटनाओं से कृषि पर बड़ा असर पड़ रहा है। हाल ही संयुक्त राष्ट्र के कृषि एवं खाद्य संगठन (एफएओ) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में कृषि और सहयोगी क्षेत्र के उत्पादन को क्लाइमेट चेंज, प्राकृतिक आपदा और प्रतिकूल मौसम से 3.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इससे हम कैसे निपट पाएंगे? कृषि उत्पादन और किसानों की आय को इससे कैसे सुरक्षित रख पाएंगे?***

यह प्लानेट और लोगों के सर्वाइवल का मुद्दा है, किसानों की आमदनी का मुद्दा नहीं है। पर्यावरण संबंधी एक नेशनल एक्शन प्लान है जिसमें अलग-अलग मिशन हैं। वाटर मिशन भी है जो एग्रीकल्चर से जुड़ा हुआ है। एग्रीकल्चर ऐसा सेक्टर है जो क्लाइमेट चेंज से प्रभावित भी होता है और क्लाइमेट को प्रभावित भी करता है। क्लाइमेट चेंज का सबसे नकारात्मक असर एग्री फूड सेक्टर पर होने वाला है।

दूसरा एक मुद्दा है जिसे पूरी तरह इग्नोर किया गया है। मैंने भी एफएओ के जरिये दुनिया के 14 देशों के महत्वपूर्ण लोगों को इसी बात पर चर्चा करने के लिए बुलाया था। मैंने एफएओ से भी इस मुद्दे को आगे लाने के लिए कहा कि किसान अब यह तो समझ रहे हैं कि क्लाइमेट चेंज से कृषि पर क्या असर हो रहा है, लेकिन इस बात को लेकर जागृत नहीं हैं कि कृषि का भी क्लाइमेट चेंज पर प्रभाव पड़ता है। हम इसे केवल इंडस्ट्री और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर नहीं छोड़ सकते कि वे अपना उत्सर्जन कम करें। भारत में क्लाइमेट चेंज में एग्रीकल्चर की भूमिका 17 फीसदी है। एग्रीकल्चर से ग्रीन हाउस गैसें निकलती हैं। जिस तरह हम इलेक्ट्रिकल व्हीकल की बात कर रहे हैं, ग्रीन इकोनॉमी और ग्रीन हाइड्रोजन की बात कर रहे हैं, उसी तरह कृषि में उत्सर्जन कम करने पर बात करनी पड़ेगी। अभी यह फैसला हुआ है कि डेढ़ डिग्री तापमान वृद्धि पर हमें रोक लगानी है। अभी तक हमें इसका नुकसान इसीलिए महसूस नहीं हुआ क्योंकि विज्ञान क्लाइमेट चेंज के असर को कम करने में कामयाब हुआ है। मगर उसकी एक सीमा है और हम ऊपरी सीमा की ओर बढ़ रहे हैं। जब हम उस सीमा पर पहुंच जाएंगे तब कोई भी साइंस उसको काउंटर करने में सक्षम नहीं होगा। हमें क्लाइमेट चेंज से एग्रीकल्चर को बचाना है, और पर्यावरण को बचाने के लिए एग्रीकल्चर का योगदान भी बाकी सेक्टर की तरह कम करना है।

प्र ***फसलों से अधिक उत्पादन वृद्धि डेयरी, फिशरीज और हॉर्टिकल्चर में आ रही है। ऐसे में क्या आपको लगता है कि कृषि विविधीकरण के जरिये किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है?***

निश्चित तौर पर, अगर आप आमदनी को देखें तो हॉर्टिकल्चर क्रॉप में रिस्क जरूर है लेकिन नॉन हॉर्टिकल्चर क्रॉप की तुलना में इसमें 4 से 5 गुना ज्यादा आमदनी है। आज सबसे ज्यादा उत्पादकता और सबसे ज्यादा ग्रोथ उन राज्यों में आ रही है जो विविधीकरण की ओर जा रहे हैं। हरित क्रांति की वजह से उत्पादकता में आगे रहने वाले हरियाणा और पंजाब जैसे राज्य अब टॉप पर नहीं हैं। आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश आगे निकल रहे हैं। जहां विविधीकरण हुआ या हो रहा है वहीं तेजी से ग्रोथ हो रही है, वहीं पर ज्यादा उत्पादकता मिल रही है। हमें एमएसपी पर निर्भर किसानों को नए रास्ते देने होंगे। मेरे जिस पेपर का आपने जिक्र किया था, उसमें मैंने इससे संबंधित एक ग्राफ दिया है। एग्रीकल्चर के जिस सेगमेंट में सरकार का ज्यादा हस्तक्षेप है, चाहे एमएसपी से या सब्सिडी से, उसकी ग्रोथ उतनी कम है। उसकी वजह यही है कि विविधीकरण मांग पर निर्भर है और जो मांग पर निर्भर होता है उसकी कीमत देने की शक्ति ज्यादा होती है। इसलिए आप देख रहे हैं कि सब्जियों, फल, अंडे, पोल्ट्री, दूध और मछली में मांग के हिसाब से ग्रोथ हो रही है। अनाजों की मांग बहुत धीमी गति से बढ़ रही है। विविधीकरण ग्रोथ और किसानों की आमदनी बढ़ाने का बहुत बड़ा कारक है।

प्र ***आपका आकलन है कि आने वाले दशकों में भारत को अपने अतिरिक्त उत्पादन के 25 फीसदी तक के लिए निर्यात बाजार तलाशने होंगे। क्या इस तरह की किसी रणनीति पर काम हो रहा है? विश्व व्यापार संगठन और क्षेत्रीय स्तर पर हो रहे व्यापार समझौतों में इसकी कितनी गुंजाइश है?***

हमें अगले 10 साल में कितने फीसदी विदेशी मार्केट की तलाश करनी पड़ेगी, वह इस उम्मीद पर है कि हमारा कृषि क्षेत्र 3 से 3.5 फीसदी ग्रोथ करेगा। इंडस्ट्री डिमांड दो-सवा दो फीसदी हो रही है, तो हमारा सरप्लस बढ़ता जाएगा। आज स्थिति सामान्य नहीं है, अंतरराष्ट्रीय कीमतें ऊंचे स्तर पर हैं। आज तो आपका कुछ भी एक्सपोर्ट हो जाएगा। लेकिन दो-तीन साल बाद कीमतें नीचे आ जाएंगी क्योंकि कीमतों का एक चक्र होता है। गेहूं की कीमत नीचे आ जाएगी। हमें कृषि क्षेत्र को उस स्थिति में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए तैयार करना है। उसके लिए मैंने सुझाव भी दिए हैं कि दो तरीके से प्रतिस्पर्धा होती है। एक है सप्लाई चेन और दूसरा प्रोडक्शन। हमें उनको लेकर चलना है, वरना प्राइस क्रैश के चांस बन जाते हैं। हमें कृषि में एफिशिएंसी लाकर कुछ हिस्सों को निर्यातोन्मुखी बनाना होगा। उसमें बहुत सारे विकल्प आ रहे हैं। आपने ओएनडीसी प्लेटफार्म यानी ओपन नेटवर्क व डिजिटल कॉमर्स के बारे में सुना होगा। उसके जरिये अगर उपज बेचेंगे तो लागत में बचत होती है। दूसरा जरिया है एफपीओ का जिसको हम ओएनडीसी के साथ लिंक कर रहे हैं। इस तरह के कुछ इन्नोवेटिव विचार हैं मार्केटिंग में। हमें सिर्फ प्रोडक्शन में नहीं, मार्केटिंग में भी लागत कम करनी है। हमें उत्पादन के साथ सप्लाई चेन में भी एफिशिएंसी लानी होगी। हमें ट्रांसपोर्टेशन और मार्केटिंग दोनों को प्रतिस्पर्धी बनाकर आगे बढ़ाना है। यही हमारी कृषि का भविष्य है।

हरित क्रांति की वजह से उत्पादकता में आगे रहने वाले हरियाणा और पंजाब जैसे राज्य अब टॉप पर नहीं हैं। आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश आगे निकल रहे हैं।

प्र ***अब भी भारत की कामकाजी आबादी का 45.8 फीसदी खेती और उससे जुड़े क्षेत्रों से ही आजीविका कमा रहा है। गैर कृषि क्षेत्र वालों और इनकी आय का अंतर बढ़ता जा रहा है। ऐसे में ग्रामीण और शहरी भारत के बीच की खाई बढ़ रही है, उसे कैसे कम किया जाए?***

हमारी जोतों का आकार छोटा है। छोटे किसान बड़े किसानों की तुलना में ज्यादा एफिशिएंट हो रहे हैं। कहा जाता है कि जो छोटा है वह खूबसूरत है, लेकिन यहां जो छोटा है वह मजबूत नहीं है। उनके लिए आय के वैकल्पिक स्रोत जरूरी हैं। ऐसे पार्ट टाइम किसान हैं जिनकी आधी से ज्यादा आमदनी गैर-कृषि स्रोतों से आती है, जैसे छोटा-मोटा रोजगार। बहुत से ऐसे किसान हैं जो कृषि छोड़कर जाना चाहते हैं। ऐसे भी हैं जो लीज पर जमीन लेकर अपनी जोत बढ़ाना चाहते हैं। इस तरह के सभी

बीते 10 साल में हमारी ग्रोथ रेट विश्व औसत के डेढ़ गुना से भी ज्यादा है। चीन और अमेरिका से हमारी ग्रोथ ज्यादा है, इसलिए पैदावार का अंतर कम होना शुरू हो गया है।

मैकेनिज्म को हमें बढ़ावा देना चाहिए। छोटे और सीमांत किसानों के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें संगठित करें, उनका स्केल बढ़ाएं। खेती में हार्वेस्टिंग के बाद वैल्यू एडिशन की संभावना बढ़ाएं। छोटे और सीमांत किसानों के लिए हमें पार्ट टाइम फार्मर का ही मॉडल अपनाना पड़ेगा और उन्हें गैर कृषि क्षेत्र से आधी से ज्यादा आमदनी दिलाने के अवसर पैदा करने होंगे। इसलिए मैंने शुरुआत में ही कहा था कि कृषि का जो मॉडल विकसित देशों ने अपनाया था उसे हम नहीं अपना सकते, हमें अपना अलग मॉडल बनाना पड़ेगा।

प्र *भारत में फसलों की उत्पादकता का औसत अमेरिका जैसे विकसित देश और चीन जैसे विकासशील देश के मुकाबले कई फसलों में आधा है। इसकी वजह कृषि शोध की कमी है या किसानों के पास संसाधनों व जरूरी कौशल न होना इसकी वजह है?*

इसमें बहुत से फैक्टर हैं, लेकिन सकारात्मक फैक्टर यह है कि पैदावार का अंतर कम हो रहा है। पिछले 10 साल में भारत का कृषि विकास चीन से ज्यादा है। यह पहली बार हुआ है। बीते 10 साल में हमारी ग्रोथ रेट विश्व औसत के डेढ़ गुना से भी ज्यादा है। चीन और अमेरिका से हमारी ग्रोथ ज्यादा है, इसलिए पैदावार का अंतर कम होना शुरू हो गया है। चीन में ऊंची पैदावार के दो कारण हैं। एक तो वहां फर्टिलाइजर का इस्तेमाल बहुत ज्यादा होता है, हमारे देश से दो-गुना तीन-गुना ज्यादा। दूसरा, चीन के लोग फसलों की देखभाल ज्यादा करते हैं, तो उसका भी असर उत्पादकता पर है। हम मोनोक्रॉपिंग के खिलाफ बातें करते हैं, वहां काफी मजबूत मोनोक्रॉपिंग होती है। बहुत से ऐसे फैक्टर हैं, लेकिन अब हम इसे लेकर काफी सतर्क हैं। बाहर से टेक्नोलॉजी आ रही है और देश में भी विकसित हो रही है। ऐसा नहीं कि हम सब में कमतर हैं, कुछ फसलों में विश्व औसत से बेहतर उत्पादकता है। यदि हमारी पैदावार का स्तर कम है तो हमारे पास चीन और अमेरिका की तुलना में ग्रोथ के अवसर बहुत ज्यादा हैं, जबकि उनके लिए ग्रोथ के मौके सीमित होते जा रहे हैं।

प्र *कृषि क्षेत्र के लिए कर्ज पर सरकार सब्सिडी देती है लेकिन अलग-अलग राज्यों में करीब 15 से 30 फीसदी खेती करने वाले बटाईदारों को इसका फायदा नहीं मिलता है। मॉडल लैंड लीजिंग एक्ट या दूसरे सुधारों को लागू किया जाना क्या अब समय की जरूरत है?*

देश के अलग-अलग इलाकों में अलग स्थिति है। यदि आप बिहार, झारखंड, असम, ओडिशा जैसे पूर्वी राज्यों को देखेंगे तो वहां अब भी इंस्टीट्यूशनल कर्ज कम है। हमें उसको बढ़ावा देने की जरूरत है। दूसरी ओर कुछ ऐसे भी राज्य हैं जहां ज्यादा क्रेडिट दिया जा रहा है। वह कर्ज इधर-उधर खर्च हो रहा है। वहां हमें अलग नीति की जरूरत है। जैसा कि किसान नेता कहते हैं, किसानों को गिरवी रखने में बैंकों का भी रोल है, वह उनको बहुत ज्यादा कर्ज देते हैं। इसमें बदलाव आ रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड बने हैं, अब तो पशु किसान कार्ड भी बना रहे हैं, मछली पालन के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड बन रहे हैं। किसानों को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि वे ऐसा लोन लें जिसको वापस करने में सहूलियत बनी रहे। कई इलाकों में एग्रीकल्चर क्रेडिट का एक मैकेनिज्म बन गया है। साल पूरा होने पर आपने पैसा वापस किया और अदल-बदल करके फिर ले लिया। मैं कहूंगा कि नॉर्थ वेस्ट इंडिया में क्रेडिट का रोल डायवर्सिफिकेशन लाने में होना चाहिए।

आपने लैंड लीज एग्रीमेंट का जो सवाल उठाया, तो उन किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है और आगे भी बढ़ेगी। लेकिन उनके पास जमीन नहीं है, इसलिए लोन के लिए उनकी पात्रता नहीं है। बहुत पहले नीति आयोग ने एक लैंड लीज मॉडल दिया था जिसको कुछ राज्यों ने सीमित रूप में अपनाया लेकिन इसकी हमें बहुत बड़ी जरूरत है। देश में परती भूमि बढ़ती जा रही है। किसानों के बेटे अब गैर कृषि क्षेत्र में आ रहे हैं। कुछ परिवारों में अगर एक ही बेटा है तो वहां कोई खेती करने वाला नहीं है। उनकी जमीन खाली पड़ी है। मॉडल लैंड लीजिंग एक्ट लागू करने पर राज्यों को जरूर ध्यान देना चाहिए। इससे बहुत फर्क पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से छोटे किसान जमीन बटाई पर लेकर गुजारा करने की बेहतर स्थिति में होंगे। अभी जिनको साहूकारों से कर्ज लेना पड़ रहा है उनको भी सब्सिडी वाला कर्ज मिल सकेगा। लैंड लीज मॉडल अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है। इससे जमींदार और बटाईदार दोनों की सुरक्षा हो सकेगी।

प्र *किसान कर्ज माफी कितना जरूरी है और इसका मकसद सही है या नहीं?*

यदि कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा आ जाती है उस स्थिति में मैं कहूंगा कि इसे जस्टिफाई किया जा सकता है। अगर उस तरह की कोई बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न नहीं होती है, तो कर्ज माफी से इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट डिलीवरी सिस्टम को बहुत ज्यादा नुकसान होता है। मेरे ख्याल से सामान्य परिस्थितियों में इस तरह की चीजों से बचना चाहिए। Rw

कृषि शिक्षा को 21वीं सदी के युवाओं के लिए तैयार करना

डॉ. आर एस परोदा

लेखक ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज-TAAS के चेयरमैन, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग- DARE के पूर्व सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के पूर्व महानिदेशक हैं।

भारत 1.41 अरब लोगों के साथ चीन (1.45 अरब) के बाद दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व जनसंख्या संभावनाओं के 2022 के संस्करण के अनुसार, 2050 तक इसके जल्द ही चीन से आगे निकलने और 1.668 अरब के अनुमानित आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा, केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 'भारत में युवा 2022' पर अपनी हाल ही में जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि 2021 में 15-29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं की आबादी 27.2 प्रतिशत थी जिसके 2036 तक घटकर 22.7 हो जाने की उम्मीद है। बहरहाल, आज भारत में 10-24 वर्ष के आयु की 35.6 करोड़ की सबसे बड़ी वैश्विक युवा आबादी है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 20 करोड़ युवाओं का बड़ा अनुपात है। इसके अलावा, भारत के युवाओं के बीच साक्षरता की समग्र दर में वृद्धि हुई है, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत पढ़ने या लिखने में सक्षम हैं। सोशल मीडिया की व्यापकता और इंटरनेट की पहुंच के साथ बड़े पैमाने पर डिजिटल रूप से समझदार युवा आबादी है जो ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच रखते हैं जिससे सीखने और कौशल को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। इस प्रकार, देश को 'जनसांख्यिकीय लाभांश' का लाभ मिलता है। जब युवाओं का यह विशाल संसाधन कार्यबल में प्रवेश करता है, तो इससे जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप अधिक आर्थिक विकास हो सकता है, मुख्य रूप से तब जब कामकाजी आयु की आबादी आश्रितों की संख्या से बड़ी होती है। ये युवा नवाचार, उद्यमशीलता और विविधता की संस्कृति को बढ़ा रहे हैं। इन्हें कृषि क्षेत्र में शामिल करने की अधिक आवश्यकता है, जो देश की जीडीपी में लगभग 20 प्रतिशत का योगदान देता है।

कोविड-19 संकट ने स्पष्ट रूप से बताया है कि आर्थिक गतिविधियों के सबसे गंभीर लॉकडाउन के तहत भी कृषि को बिना किसी रुकावट के उत्पादन जारी रखने की आवश्यकता है। महामारी के दौरान कई देश आर्थिक मंदी की चपेट में आ गए और महामारी के कारण लगे झटकों से उबरने के लिए उन अर्थव्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने के प्रयास चल रहे हैं। सामान्य रूप से शिक्षा और कृषि शिक्षा इस प्रक्रिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण होगी। केवल उच्च गुणवत्ता, समावेशी और न्यायसंगत प्रशिक्षण के साथ ही देश महामारी के झटके से उबरने में सफल होंगे, जिसने लाखों बच्चों, युवाओं और वयस्कों, विशेष रूप से निम्न आय समूहों को प्रभावित किया है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में कृषि एक केंद्रीय गतिविधि है जो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महत्वपूर्ण योगदान देती है। आने वाले वर्षों में कृषि क्षेत्र डिजिटलीकरण और अन्य तकनीकी प्रगति का लाभ उठाते हुए एक और गुणात्मक छलांग लगाएगा।

कृषि क्षेत्र से जुड़ने में युवा अनिच्छुक क्यों हैं?

पिछले कुछ वर्षों में घटती जोत (छोटी जोत) के कारण कृषक समुदाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिसमें कुल कृषक परिवारों का 80 प्रतिशत से अधिक शामिल है। तेजी से बढ़ते वैश्वीकरण, ईंधन और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें, अस्थिर बाजारों और बढ़ती जलवायु अस्थिरता से प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण कृषि से जुड़े कई जोखिम चुनौतियों को बढ़ा देते हैं। अनुमान है कि वर्तमान में लगभग पांच प्रतिशत युवा ही कृषि से जुड़े हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे कृषि को रचनात्मक, लाभदायक और सम्मानजनक पेशा नहीं मानते हैं। युवा एक बड़े संसाधन हैं जिसका उपयोग कृषि विकास के लिए किया जाना चाहिए। इसलिए कृषि में युवाओं को बनाए रखने की चुनौतियों (बॉक्स-1) को प्रभावी ढंग से संबोधित किया जाना चाहिए। विकासशील देशों में एक बड़ी दुविधा कृषि की खराब सामाजिक छवि है जिसके कारण ग्रामीण युवा विकल्प और बेहतर अवसरों की तलाश में शहरी क्षेत्र की ओर पलायन कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अग्रणी संगठनों के साथ-साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों (उदाहरण के लिए आईटी क्षेत्र) के सफल व्यवसाय मॉडल के माध्यम से यह स्पष्ट है कि युवा अधिक नवीन और उत्पादक होने के साथ-साथ नई प्रौद्योगिकियों के प्रति ग्रहणशील भी हैं। इसके विपरीत, कृषि क्षेत्र में ऊर्जा (युवा) और अनुभव (बूढ़े लोगों) के बीच एक बड़ा अंतर है, जो खेती की पिछड़ी प्रकृति और नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों को धीमी गति से अपनाने का कारण है। खराब प्रौद्योगिकी प्रसार के कारण विज्ञान का समाज से नाता टूट गया है जिससे खेती गैर-लाभकारी होने के साथ-साथ गैर लचीली भी हो गई है। जब तक बौद्धिक रूप से संतोषजनक प्रौद्योगिकियां नहीं होंगी, युवाओं का कृषि की ओर आकर्षित होने की संभावना नहीं है।

वास्तव में, ग्रामीण युवाओं (पुरुष और महिला दोनों)

को सूचना संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), उच्च मूल्य वाली कृषि, प्रसंस्करण, मूल्य-संवर्धन, पैकेजिंग, आपूर्ति-श्रृंखला प्रबंधन, भंडारण आदि जैसे संभावित क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। यह उन्हें विशिष्ट कृषि, उच्च तकनीक बागवानी, संरक्षित खेती, आईपीएम/जैव नियंत्रण, डेयरी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, सामुदायिक नर्सरी, बीज उत्पादन, किसानों को बाजारों से जोड़ना आदि जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाएगा। अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सक्षम युवा निश्चित रूप से उच्च स्तर के आत्मविश्वास के साथ कृषि को अपनाएंगे। उपरोक्त परिदृश्य में युवा कृषि को एक लाभकारी और सम्मानजनक पेशा नहीं मानते हैं। साथ ही इसे भोजन, पोषण और आजीविका सुरक्षा को पूरा करने के लिए एक स्थायी मार्ग नहीं माना जाता है। इससे यह अच्छी तरह से समझ में आता है कि आज के युवाओं (पुरुष और महिला दोनों) की मानसिकता और दृष्टिकोण अलग हैं। वे बौद्धिक रूप से संतोषजनक, व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य और सामाजिक रूप से सशक्त गतिविधियों को अपनाना पसंद करते हैं।

दुर्भाग्य से भारत जैसे विकासशील देश में 'आकांक्षा-प्राप्ति का अंतर' मौजूद है। इसलिए उनकी आकांक्षाओं की प्राथमिकता पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इसलिए युवाओं को देश के समग्र कृषि और ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका के प्रति उन्नत कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से नवाचार, क्षमता विकास, साझेदारी और भागीदारी दृष्टिकोण में प्रगति के माध्यम से प्रेरित किया जाना चाहिए। इसके लिए मानसिकता में आमूल-चूल बदलाव की आवश्यकता होगी, आजीविका के साधन के रूप में पारंपरिक कृषि से व्यवसाय-उन्मुख और ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल युवाओं को विशेष कृषि की ओर शामिल करने वाली मानसिकता अपनानी होगी। नए नवाचारों और उद्यमशीलता के माध्यम से वर्तमान कृषि व्यवसाय परिदृश्य को आकर्षक और लाभकारी बनाना होगा। गुणवत्तापूर्ण/कुशल युवाओं को खेती में तभी आकर्षित किया जा सकता है और बनाए रखा जा सकता है जब यह बेहतर ग्रामीण बुनियादी ढांचे और बेहतर शैक्षिक और संबंधित सुविधाओं से जुड़ा हो। इससे भविष्य में संभावित परिवर्तन के लिए व्यापक रणनीतियां ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान अवसरों और सुविधाओं के साथ सभी कृषि-आधारित और कृषि-संबंधित गतिविधियों में अधिक फायदेमंद नौकरियों की मांग होगी, कृषि और ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक-निजी क्षेत्र के निवेश के लिए बेहतर विकल्प और कृषि-खाद्य और मूल्य-श्रृंखला प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए छोटी कृषि-फर्मों और उत्पादक कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा। महिलाओं सहित ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के लिए विस्तार प्रणाली को एक नवाचार विस्तार मंच में बदलने की तत्काल आवश्यकता है जो प्रौद्योगिकी-उन्मुख ज्ञान, इनपुट और मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करता है। विस्तार दृष्टिकोण को व्यक्तिगत कृषि घरेलू दृष्टिकोण की बजाय कृषक समुदायों पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जैसा कि अतीत में हुआ था। ये सभी किसी भी राष्ट्र के भविष्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसलिए सभी संबंधित पक्षों द्वारा नीति और संस्थागत समर्थन के माध्यम से एक सक्षम वातावरण की आवश्यकता होगी।

कृषि में युवाओं को बनाए रखने की चुनौतियां

- **ज्ञान, सूचना और शिक्षा तक अपर्याप्त पहुंच**
- **भूमि तक सीमित पहुंच**
- **वित्तीय सेवाओं तक अपर्याप्त पहुंच**
- **नौकरी को लेकर औपचारिक और अनौपचारिक प्रशिक्षण का अभाव**
- **बाजारों तक सीमित पहुंच**
- **निर्णय लेने और नीतिगत संवादों में सीमित भागीदारी**

बॉक्स - 1

भारत में कृषि शिक्षा की प्रमुख चिंताएँ

भारत की राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान और शिक्षा और विस्तार प्रणाली (एनएआरईईएस) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तत्वाधान में 4 डीम्ड-विश्वविद्यालयों, 3 केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों, 63 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू), 93 आईसीएआर संस्थान और 731 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के साथ सबसे बड़ी कृषि शिक्षा प्रणालियों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में आईसीएआर ने कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान और तकनीकी उत्पादन दोनों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बॉक्स 2 में दर्शाई गई कृषि शिक्षा की चिंताओं के अलावा, वर्तमान प्रणाली में दो अन्य प्रणालीगत कमजोरियां हैं: (1) शैक्षिक पाठ्यक्रम विकास कार्यक्रमों से अभिन्न रूप से जुड़े नहीं हैं और (2) कृषि-स्नातकों और कृषक समुदाय के बीच एक अलगाव है जो पूर्व और बाद वालों को आवश्यक सेवाएं प्रदान नहीं कर रहा है। इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों में राज्य कृषि विश्विद्यालयों द्वारा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और 'स्थान-विशिष्ट क्षेत्रीय अनुसंधान' पर अधिक जोर देने के कारण ज्ञान सृजन हमेशा पीछे रहा है। इसके अलावा, छात्र अपने करियर की शुरुआत से ही कार्यकारी पदों की आकांक्षा रखते हैं जिससे कृषि क्षेत्र के निचले स्तरों पर कुशल संचालन की कमी पैदा हो जाती है।

कृषि-शिक्षा प्रणाली को बदलना

आकांक्षाओं और जीवनशैली में बदलाव को ध्यान में रखते हुए युवाओं को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए प्रेरित और आकर्षित करने के लिए कृषि-शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव लाने की आवश्यकता है। युवाओं को कृषि में तभी बनाए रखा जा सकता है जब आवश्यक ज्ञान और शिक्षा, तकनीकी कौशल, निरंतर प्रोत्साहन और सक्षम नीति का वातावरण प्रदान किया जाए। इसके अलावा, युवा प्रतिभाओं

युवाओं को कृषि में तभी बनाए रखा जा सकता है जब आवश्यक ज्ञान और शिक्षा, तकनीकी कौशल, निरंतर प्रोत्साहन और सक्षम नीति का वातावरण प्रदान किया जाए।

भारत में कृषि शिक्षा की प्रमुख चिंताएँ

- इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून, अकाउंटेंसी आदि की तुलना में स्नातक पाठ्यक्रमों में कृषि शिक्षा में प्रवेश अधिकांश छात्रों की पहली प्राथमिकता नहीं है।
- कृषि शिक्षा का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) बहुत कम है, देश में कुल पात्र जनसंख्या में से कृषि शिक्षा के लिए जीईआर केवल 0.03% है, जबकि उच्च शिक्षा के लिए यह 26% है।
- कृषि शिक्षा राज्य का विषय है जिसके कारण फंडिंग, संकाय भर्ती और वेतन, बुनियादी ढांचे और संकाय/छात्र विकास कार्यक्रमों के मामले में विविधताएं आई हैं। केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय भी अपर्याप्त है।
- कृषि विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अपर्याप्त निवेश और घटते वित्तीय संसाधन।
- कृषि में छात्रों का ठहराव कम है (केवल 30% स्नातक ही इस क्षेत्र में बने रहते हैं)।
- संसाधनों और मानदंडों के अनुरूप बिना नए संस्थान खोलना, विशेष रूप से निजी क्षेत्र द्वारा जो कृषि में डिग्री दे रहे हैं, जिनमें से कुछ में गुणवत्ता नियंत्रण की कमी है और वे बहुत अधिक ट्यूशन फीस और अन्य फीस वसूलते हैं।
- कृषि शिक्षा, रोजगार और उद्योगों की आवश्यकताओं के बीच संबंध विच्छेद।
- पर्याप्त कौशल, उद्यमिता और अनुभवात्मक शिक्षा का अभाव, कृषि स्नातकों की कुल मिलाकर खराब रोजगार क्षमता।
- अपर्याप्त शैक्षणिक कठोरता और उभरती चुनौतियों का संदर्भीकरण और अवसर।

अवसर

- कृषि पाठ्यक्रमों से बुनियादी विज्ञान का क्षरण।
- शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार के बीच बढ़ते अलगाव के परिणामस्वरूप ज्ञान की कमी हो रही है।
- मूल्यांकन, निगरानी, प्रभाव मूल्यांकन, जवाबदेही और प्रोत्साहन प्रणालियों की खराब प्रणाली।
- सीमित डिजिटलीकरण और अकुशल शासन।

बॉक्स - 2

कृषि में युवाओं के नेतृत्व वाले समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए ऐसा दृष्टिकोण स्थानीय, राज्य और देश स्तर पर एक रणनीतिक प्राथमिकता होनी चाहिए।

को आधुनिक खेती करने के लिए आकर्षित करने की आवश्यक नीतियां, प्रोत्साहन और पुरस्कार देने की आवश्यकता है जो न केवल लाभदायक और टिकाऊ हो बल्कि सम्मानजनक भी हो। यह युवाओं को अपने सुखी जीवन के लिए कृषि को एक पेशे के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ आकर्षित भी करेगा। कृषि में युवाओं के नेतृत्व वाले समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए ऐसा दृष्टिकोण स्थानीय, राज्य और देश स्तर पर एक रणनीतिक प्राथमिकता होनी चाहिए। इस प्रकार, नई रणनीति वर्तमान कृषि को फसल आधारित से 'हल-टू-प्लेट' दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कृषि प्रणाली पर आधारित करने की होनी चाहिए, जो अधिक प्रासंगिक, कुशल, मांग-संचालित, उत्पादक, प्रतिस्पर्धी और लाभदायक है। इसे सभी के लिए भोजन, पोषण और पर्यावरण सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी।

आईसीएआर ने हाल के दिनों में सभी संबंधित हितधारकों के सहयोग से भारतीय कृषि शिक्षा में कुछ महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। उच्च कृषि शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन को मान्यता प्रणाली, उच्च शिक्षा के लिए न्यूनतम मानकों के निर्धारण, शैक्षणिक नियमों, कार्मिक नीतियों, पाठ्यक्रम और वितरण प्रणालियों की समीक्षा, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को मजबूत करने के लिए समर्थन, संकाय क्षमता और अखिल भारतीय परीक्षा के माध्यम से छात्रों के प्रवेश में सुधार किया गया है। आईसीएआर की पांचवीं डीन समिति की रिपोर्ट ने प्रासंगिक व्यावहारिक कौशल, उद्यमशीलता योग्यता, स्व-रोजगार, नेतृत्व गुणों और स्नातकों के बीच आत्मविश्वास और कृषि में युवाओं को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए पाठ्यक्रम का पुनर्गठन किया। इसने नए कॉलेजों की स्थापना के लिए मानदंड भी सुझाए। क्षेत्रीय विशिष्टताओं का उपयोग करने और क्षेत्र विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तटीय कृषि, पहाड़ी कृषि, जनजातीय कृषि आदि जैसे कुछ वैकल्पिक पाठ्यक्रम तैयार किए गए थे। जीनोमिक्स (जैव प्रौद्योगिकी), नैनो टेक्नोलॉजी, जीआईएस, सटीक खेती, संरक्षित खेती, माध्यमिक खेती, हाई-टेक खेती, विशेष कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बड़े डेटा एनालिटिक्स, मेक्ट्रोनिक्स, कृषि में प्लास्टिक जैसे उभरते क्षेत्रों में नए डिग्री कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की सिफारिश की गई।

साथ ही, शुष्क भूमि में बागवानी, कृषि-मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट निपटान और प्रदूषण उपशमन, खाद्य संयंत्र नियम और लाइसेंसिंग, खाद्य गुणवत्ता, सुरक्षा मानक और प्रमाणन, खाद्य भंडारण इंजीनियरिंग, खाद्य संयंत्र स्वच्छता और पर्यावरण नियंत्रण, उभरती खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियां, रेशम उत्पादन, सामुदायिक विज्ञान और खाद्य पोषण और आहार विज्ञान जैसे क्षेत्रों के लिए भी पाठ्यक्रमों की सिफारिश की गई। 2015 में शुरू किए गए स्टूडेंट रेडी कार्यक्रम के अनुपालन में समिति ने सभी यूजी विषयों में एक साल का कार्यक्रम डिजाइन किया है जिसमें (1) जहां भी संभव हो, अंतर्राष्ट्रीय अनुभवात्मक शिक्षण सहित अनुभवात्मक शिक्षण, (2) ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव, (3) इन-प्लांट ट्रेनिंग/इंडस्ट्रियल अटैचमैंट (4) व्यावहारिक प्रशिक्षण (एचओटी)/कौशल विकास प्रशिक्षण, (5) छात्र परियोजनाएँ और (6) एग्रीकल्चरल साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च एक्सीलेंस (एस्पायर) कार्यक्रम शामिल हैं। विश्व बैंक समर्थित मौजूदा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी), जो पूर्ववर्ती विश्व बैंक परियोजनाओं, विशेष रूप से एनएटीपी और एनएआईपी पर बनाई गई है, फैकल्टी और छात्रों की क्षमताओं को मजबूत कर रही है, वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था के साथ

राष्ट्रीय प्रणाली के लिकेंज के संबंधों को बढ़ावा दे रही है, अंतरराष्ट्रीय अनुभवात्मक सीखने, शिक्षण-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देने और निजी उद्योगों के साथ कृषि को मजबूत करने की सुविधा प्रदान कर रही है। उपरोक्त पहलों के बावजूद तकनीकी और नीतिगत पहलुओं पर अधिक ध्यान देकर कृषि में युवाओं को प्रेरित करने और आकर्षित करने के लिए कृषि शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में अभी भी और सुधार की अच्छी गुंजाइश है।

तकनीकी पहलू

- जैसा कि एनईपी 2020 में कहा गया है, कृषि शिक्षा को ऐसे मानकों को बनाए रखना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत के कृषि स्नातक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए पेशेवर रूप से सुसज्जित हैं।
- एनएआरईईएस को पाठ्यक्रम और कौशल विकास में आवश्यक समायोजन करने के लिए तेजी से परिवर्तनशील, ज्ञान-गहन कृषि की जनशक्ति आवश्यकताओं का आकलन करना चाहिए, अनुभवात्मक शिक्षा और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के संपर्क पर जोर देना चाहिए।
- आईसीटी, डिजिटलीकरण, बायो टेक्नोलॉजी, नैनो टेक्नोलॉजी, एग्रो प्रोसेसिंग, सटीक कृषि और सिस्टम सिमुलेशन के विषयों में अधिक तकनीकी हस्तक्षेप की संभावना है, इसलिए संबंधित कार्यबल की मांग और शिक्षाशास्त्र में बदलाव को उसी के मुताबिक शामिल किया जाना चाहिए।
- स्थानीय विस्तार को सूक्ष्म स्तर पर चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाने, फीडबैक तंत्र को मजबूत करने और सही प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए व्यवसाय/विपणन/आय पर ध्यान केंद्रित करने वाले बहुलवादी दृष्टिकोण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी की आवश्यकता है।
- उद्यमिता और एग्री-स्टार्टअप को बढ़ावा देना, बाजार के नेतृत्व वाली विस्तार नीतियों को प्रोत्साहित करना और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उपयोग को शैक्षिक कार्यक्रमों में विधिवत शामिल किया जाना चाहिए।

नीतिगत पहलू

- मंत्रालय एक नियामकीय प्राधिकरण के रूप में 'भारतीय कृषि शिक्षा परिषद (एईसीआई)' की स्थापना पर विचार कर सकता है, जिसे भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वीसीआई) के समान काम करना चाहिए।
- चूंकि उच्च शिक्षा समवर्ती सूची में है इसलिए प्रस्तावित सुधारों में एकरूपता लाने के लिए कृषि शिक्षा को समवर्ती सूची में लाया जाना चाहिए।
- निर्णय लेने के लिए आवश्यक स्वायत्तता के साथ आईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर विश्व स्तरीय संस्थान स्थापित किए जाने चाहिए।
- कृषि स्नातकों में रोजगार योग्य कौशल विकसित करने पर फोकस किया जाना चाहिए जिनकी आज के प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक परिदृश्य में नियोक्ताओं द्वारा अपेक्षा की जाती है, कृषि प्रौद्योगिकियों में अनौपचारिक शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर निवेश करें।

शैक्षिक सुधारों में अब युवाओं को 'नौकरी मांगने वाले' की बजाय 'नौकरी निर्माता' बनने के लिए सशक्त बनाने को कौशल उन्मुख व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स को गैर-औपचारिक डिग्री कार्यक्रमों में शामिल करना चाहिए। इससे राज्य कृषि विश्वविद्यालयों को अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रासंगिक और दूरदर्शी उन्मुख बनाने की आवश्यकता होगी।

निष्कर्ष

कृषि शिक्षा क्षेत्र में अन्य विषयों की तरह युवाओं के साथ एक प्रशिक्षित मानव पूंजी की आवश्यकता होती है जो (1) सामाजिक चेतना रखते हैं और ग्रामीण समुदायों से जुड़े और प्रतिबद्ध हों, (2) मजबूत उद्यमशीलता कौशल और भावना रखते हैं और नई नौकरी के अवसर शुरू करने में सक्षम हैं, (3) सकारात्मक मूल्यों और उच्च नैतिक मानकों द्वारा निर्देशित होते हैं, (4) टिकाऊ कृषि उत्पादन की दिशा में एक नई दृष्टि के लिए प्रतिबद्ध हैं, (5) वैज्ञानिक और तकनीकी सिद्धांतों में एक ठोस आधार है जो विश्वास निर्माण के लिए महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुभव का आधार है, (6) सामान्य तैयारी करें जो उन्हें अपने करियर में आने वाली समस्याओं का समग्र समाधान विकसित करने में सक्षम बनाएगी, (7) रचनात्मक होने और वास्तविक समस्याओं का समाधान करने के आत्मविश्वास वाले नवप्रवर्तक हैं, (8) मजबूत नेतृत्व, पारस्परिक और टीम निर्माण के अधिकारी हैं, कौशल और मजबूत संचार कौशल प्रदर्शित करें जिसमें अंतरराष्ट्रीय व्यापार भाषाओं और सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग शामिल है, (9) रोजगार और धन पैदा करने के लिए 'व्यावसायिक कौशल' रखें और विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों के साथ काम करने में सक्षम हों। 'नौकरी मांगने वालों से नौकरी देने वालों' में बदलने के लिए युवाओं पर केंद्रित हमारे दृष्टिकोण और नीति में एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है। अनौपचारिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं का क्षमता विकास और माध्यमिक और विशिष्ट कृषि सहित कृषि में नए अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करने से युवाओं को कृषि में आकर्षित किया जा सकेगा, ग्रामीण और शहरी के बीच अंतर को पाटने में मदद मिलेगी और तेजी से राष्ट्रीय आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

अंत में, सक्षम वातावरण, संस्थागत समर्थन और आवश्यक सहयोग के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने से वे न केवल कृषि की ओर आकर्षित होंगे बल्कि प्रधानमंत्री द्वारा लक्षित पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में से कम से कम एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान देने के लिए कृषि क्षेत्र का त्वरित विकास सुनिश्चित होगा। Rw

'नौकरी मांगने वालों से नौकरी देने वालों' में बदलने के लिए युवाओं पर केंद्रित हमारे दृष्टिकोण और नीति में एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

हरित क्रांति के जनक डॉ. स्वामीनाथन का निधन

देश में हरित क्रांति के जनक और दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों में शुमार डॉ. एमएस स्वामीनाथन का 98 वर्ष की उम्र में 28 सितंबर को चेन्नई में निधन हो गया। 7 अगस्त, 1925 को कुंभकोणम में जन्मे स्वामीनाथन का पूरा नाम मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन था। देश की खाद्य आत्मनिर्भरता में उनका सबसे बड़ा योगदान है। सी2 लागत पर 50% मुनाफा देकर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की उनकी सिफारिश ने उन्हें किसानों के घर-घर तक पहुंचा दिया।

सर्जन पिता एम.के. संबासिवन और मां पार्वती थंगम्मल के घर जन्मे स्वामीनाथन की स्कूली शिक्षा कुंभकोणम में ही हुई। कृषि विज्ञान

में उनकी गहरी रुचि थी। स्वतंत्रता आंदोलन में उनके पिता की भागीदारी और महात्मा गांधी के प्रभाव ने उन्हें इस विषय में उच्च अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। स्वामीनाथन को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा "आर्थिक पारिस्थितिकी के जनक" के रूप में भी जाना जाता था। भारत में ज्यादा उपज देने वाली गेहूं और चावल की किस्मों को विकसित करने और उनका नेतृत्व करने के लिए उन्हें 1987 में पहले विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसके बाद उन्होंने चेन्नई में एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की। उन्हें 1971 में रमन मैग्सेसे पुरस्कार और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन विश्व विज्ञान पुरस्कार सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 40 से भी ज्यादा पुरस्कार मिले।

गेहूं का एमएसपी 150 रुपये क्विंटल बढ़ा

केंद्र सरकार ने मार्केटिंग ईयर 2024-25 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 150 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी कर दी है। पिछले नौ साल में गेहूं के एमएसपी में यह सबसे बड़ी वृद्धि है। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं का एमएसपी मार्केटिंग ईयर 2023-24 के 2125 रुपये से बढ़ाकर 2275 रुपये प्रति क्विंटल करने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही 5 अन्य रबी फसलों का भी एमएसपी बढ़ाया गया है।

रबी सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सरसों एवं रैपसीड के एमएसपी में 200 रुपये की वृद्धि की गई है। इसे 5450 रुपये से बढ़ाकर 5650 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। वहीं, मसूर के एमएसपी को 425 रुपये बढ़ाकर 6425 रुपये प्रति क्विंटल और चना का 105 रुपये बढ़ाकर 5440 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। जौ के एमएसपी में 115 रुपये और कुसुम में 150 रुपये की वृद्धि की गई है। अगले मार्केटिंग सीजन के लिए जौ का समर्थन मूल्य 1850 रुपये और कुसुम का 5800 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

बौने पौधे वाले मक्का की खेती को मंजूरी

अमेरिका के बायोटेक रेगुलेटर (वहां के कृषि विभाग) ने एक नए तरह के मक्का के किस्म की कॉमर्शियल खेती को मंजूरी दी है जिसमें ऐसे ट्रांस जीन का इस्तेमाल किया है जिससे मक्का के पौधों की लंबाई कम हो जाती है। यह किस्म जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में रहे ज्यादा उतार-चढ़ाव को झेलने में सक्षम है।

मक्का का पारंपरिक पौधा 9-12 फुट का होता है, लेकिन इस किस्म के पौधे की ऊंचाई 7 फुट से कम है। यह सेमी-ड्वार्फ मक्का जेनेटिक बदलाव की टेक्नोलॉजी का सफल उदाहरण है। इससे उन फसलों में जीन ट्रांसफर और जीनोम एडिटिंग की संभावनाओं के द्वार खुलेंगे जो हरित क्रांति के दौरान अछूते रह गए थे।

जगपति राव "इंटरनेशनल एग पर्सन ऑफ द ईयर"

श्रीनिवास फार्म्स ग्रुप के अध्यक्ष और भारत में राष्ट्रीय अंडा समन्वय समिति (एनईसीसी) के संस्थापकों में से एक, चित्तूरी जगपति राव को अंतरराष्ट्रीय अंडा आयोग (आईईसी) द्वारा प्रतिष्ठित "इंटरनेशनल एग पर्सन ऑफ द ईयर 2023" से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पाने वाले वह पहले एशियाई हैं। आईईसी ने हाल ही में आईईसी ग्लोबल लीडरशिप कॉन्फ्रेंस लेक लुईस 2023 में वैश्विक अंडा उद्योग में उनकी उल्लेखनीय सफलता और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए जगपति राव को पुरस्कार प्रदान किया। जगपति राव ने भारतीय पॉल्ट्री क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने न केवल अपना खुद का श्रीनिवास फार्म्स ग्रुप बनाया, बल्कि उन्होंने उद्योग के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, रोजगार के बेहतर अवसर पैदा करने और भारत में पॉल्ट्री उत्पादों की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चित्तूरी भारत में एनईसीसी के संस्थापकों में से एक रहे हैं जो अंडा उत्पादकों का एक संघ है। एनईसीसी ने अंडा उद्योग को तेजी से बढ़ने में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

National Federation of Cooperative Sugar Factories Ltd.



Sahakar Se Samriddhi

In 1960, NFCSF sowed the seed of revolutionising the cooperative sugar sector in India. Today NFCSF works collaboratively with the Ministry of Cooperation, Government of India to strengthen the cooperative-based economic development model, thereby accelerating the welfare of villages and farmers of the country and making cooperative sugar sector self-reliant.

The National Federation of Cooperative Sugar Factories Limited (NFCSF) is the largest Co-operative Apex sugar body in the world. The Federation has played a decisive role in establishing a nationwide network, building a strong and vibrant Cooperative sugar sector across India. 259 Cooperative Sugar Factories and 09 State Cooperative Sugar Federations across the country are its members. It represents over five crore farmers and their dependents who are involved in sugarcane cultivation.

Techno-Commercial Services Offered By NFCSF

- Sugar Cane Development
- Sugar Cane Engineering & Processing
- Distillery / Ethanol Plants
- Co-generation & Green Hydrogen
- Commercial Operations
- Financial Management & Legal Services
- Detailed Project Reports (DPR)
- Preparation of Tender Documents
- Project Management Consultancy (PMC) Services

Prakash Naiknavare
Managing Director

Ketanbhai Patel
Vice-President

Jaiprakash Dandegaonkar
President

& Board of Directors

National Federation of Cooperative Sugar Factories Ltd.
New Delhi; www.coopsugar.org

IPL
The Hallmark of Sustainability and Agro Prosperity

IPL

We Are Happy In Your Happiness

- National leader in fertilizer distribution with pan India dealer network.
- The single point-of-access for all agro nutrients in the country.
- IPL believes in empowering farmers by providing integrated solutions and educating them about sustainable farming practices.
- IPL has the philosophy of selfless service deeply entrenched in all its endeavours.
- Diversified into sugar production to support sugarcane farmers.
- Producers of vehicle grade Green Fuel (CBG) and nutrient rich Fermented Organic Manure.

IPL

Indian Potash Limited

Potash Bhawan,10-B, Rajendra Park, Pusa Road, New Delhi – 110 060
Phone: 011-25761540, 25763570, 25732438, 25725084
Fax: 011-25755313, E-mail: ipldel@potindia.com
Website: www.indianpotash.org

IPL Fertilizers - The First Choice of Wise Farmers